# नेशनल प्रेस टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली, शुक्रवार
16 मई 2025

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 77 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


## वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट में टली सुनवाई

लखनऊ। पीठ में न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह भी शामिल थे। पीठ ने कहा कि वह याचिकाकताओं की दो घंटे तक सुनवाई करेगी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की अगुआई वाली केंद्र सरकार को इस सीमित मुद्दे पर निर्णय लेने के लिए दो घंटे का समय देगी कि क्या रोक के संबंध में कोई अंतरिम आदेश पारित करने की आवश्यकता है। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वह वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 20 मई को सुनवाई करेगा, ताकि यह तय किया जा सके कि वक्फ संपत्तियों की स्थिति और वक्फ परिषद एवं बोर्डों में गैर-मुस्लिमों को शामिल करने से संबंधित कानून के कुछ प्रावधानों पर किसी अंतरिम रोक की आवश्यकता है या नहीं। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) भूषण आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाओं को अगले मंगलवार के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया

शेष पेज 2 पर

# 'पाकिस्तान से अब केवल आतंकवाद और पीओके खाली करने पर होगी बात'

## संघर्ष विराम के बाद बोले विदेश मंत्री



**नई दिल्ली** । दिल्ली में होंडुरास के दूतावास के उद्घाटन मौके पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत पाकिस्तान संघर्ष विराम और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को आतंकियों के बुनियादी ढांचे को बंद करना होगा।

भारत पाकिस्तान संघर्ष विराम के बाद उठ रहे सवालों का विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ हमारे संबंध और व्यवहार पूरी तरह से द्विपक्षीय होंगे। इसमें बिल्कुल भी बदलाव नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री ने भी स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान के साथ अब बातचीत केवल आतंकवाद और पीओके खाली करने पर होगी।

होंडुरास के दूतावास के उद्घाटन के अवसर पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान के पास आतंकवादियों की एक सूची है जिसे उसे हमें सौंपना होगा। साथ ही उसे आतंकियों के बुनियादी ढांचे को बंद करना होगा। वे जानते हैं कि क्या करना है। हम उनके साथ आतंकवाद के बारे में चर्चा करने के लिए तैयार हैं। ये वे वाताएं हैं जो संभव हैं।

उन्होंने कहा कि सिंधु जल संधि स्थगित है और तब तक स्थगित रहेगी जब तक पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद को रोका जाता। कश्मीर पर चर्चा के लिए केवल एक ही बात बची है, वह है पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में अवैध रूप से कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करना। हम इस चर्चा के लिए तैयार हैं।

संघर्ष विराम को लेकर विदेश मंत्री ने कहा कि यह साफ है कि गोलीबारी बंद करने की मांग कौन कर रहा था।

शेष पेज 2 पर

# मोदी जी पानी दे दो!

## वॉटर बम से पाकिस्तान हुआ बेदम, पत्र लिखकर फिर मांगी भीख

**नई दिल्ली** । पाकिस्तान की अपील की टाइमिंग बहुत महत्वपूर्ण है। भारत की दो पूर्व सूचनाएँ जनवरी 2023 में और फिर सितंबर 2024 में सिंधु जल संधि की समीक्षा और संशोधन का अनुरोध किया गया था, इस्लामाबाद से अनुत्तरित रहीं। हालाँकि, स्थगन और ऑपरेशन सिंदूर के बाद, पाकिस्तान ने इस मुद्दे पर कुछ इच्छा दिखाई है।



मोदी ने सिंधु नदी पर हमला कर दिया है। या तो अब सिंधू नदी बहेगी या खून बहेगा। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने का फैसल किया तो कुछ इस अंदाज में पाकिस्तान ने धमकी वाले तेवर में रिएक्ट किया था। अब, हमले और उसके बाद के ऑपरेशन सिंदूर के लगभग तीन सप्ताह बाद, पाकिस्तान के सुर और तेवर दोनों ढीले पड़ते नजर आ रहे हैं। कल तक सिंधु को लेकर रण छेड़ने की धमकी देने वाला पाकिस्तान अब याचना की मुद्रा में आ गया है। पाकिस्तान ने चिट्ठी लिखकर नई दिल्ली से सिंधु जल संधि को स्थगित करने के निर्णय पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। पाकिस्तान के जल संसाधन मंत्रालय ने भारत के विदेश मंत्रालय को पत्र लिखकर कहा है कि संधि को रोकने का नई दिल्ली का कदम पाकिस्तान में संकट पैदा कर सकता है।

**सिंधु जल पर भारत से क्या याचना पाकिस्तान ने की** - पाकिस्तान के जल संसाधन मंत्रालय ने भारत के जल शक्ति मंत्रालय से सिंधु जल संधि को निलंबित करने के भारत सरकार के फैसले पर पुनर्विचार करने की अपील की है।

शेष पेज 2 पर

## मंत्री विजय शाह के खिलाफ एफआईआर पर हाईकोर्ट ने उठाए सवाल, पुलिस को जमकर लगाई फटकार



भोपाल/जबलपुर । महिला सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में मंत्री विजय शाह पर दर्ज एफआईआर की भाषा पर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने सवाल उठाए हैं। कोर्ट ने कहा कि इस मामले की निगरानी वो स्वयं करेगा। ऐसा लगता है कि एफआईआर ऐसे कंटेंट के साथ लिखी गयी है,जो चुनौती देने पर निरस्त हो जाये । महिला सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर मंत्री विजय शाह के विवादित बयान पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने सख्त टिप्पणी की थी। साथ ही एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए थे। मंत्री विजय शाह के मामले में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में जस्टिस अतुल श्रीधरन तथा जस्टिस अनुराधा शुक्ला की युगलपीठ में गुरुवार को फिर सुनवाई हुई । हाईकोर्ट के आदेशानुसार मंत्री विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं किये जाने पर युगलपीठ ने नाराजगी व्यक्त की है।


शेष पेज 2 पर

## क्या दुष्ट देश के हाथों में न्यूक्लियर सुरक्षित है? राजनाथ बोले-

# पाकिस्तान के परमाणु हथियारों की हो वैश्विक निगरानी

**नई दिल्ली**। राजनाथ सिंह ने कहा कि आज आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रतिज्ञा कितनी कठोर है, इसका पता इसी बात से चलता है कि हमने उनके न्यूक्लियर ब्लैकमेल की भी परवाह नहीं की है। पूरी दुनिया ने देखा है कि कैसे गैर ज़िम्मेदाराना तरीके से पाकिस्तान द्वारा भारत को अनेक बार एटमी धमकियाँ दी गईं हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) से पाकिस्तान के परमाणु हथियारों की जिम्मेदारी अपने हाथ में लेने का आग्रह किया। यह बात ऐसे समय में कही गई है जब कुछ ही दिनों पहले परमाणु हथियार संपन्न दोनों पड़ोसी देशों ने लगभग तीन दशकों में अपने



सबसे खराब सैन्य संघर्ष को समाप्त किया है। उन्होंने कहा कि मैं पूरी दुनिया से पूछता हूं कि क्या ऐसे गैरजिम्मेदार और दुष्ट देश के हाथों में परमाणु हथियार सुरक्षित हैं। मेरा मानना ??है कि पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (क्ब्अएअ) की निगरानी में ले लिया जाना चाहिए।

राजनाथ सिंह ने कहा कि आज आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रतिज्ञा कितनी कठोर है, इसका पता इसी बात से चलता है कि हमने उनके न्यूक्लियर ब्लैकमेल की भी परवाह नहीं की है। पूरी दुनिया ने देखा है कि कैसे गैर ज़िम्मेदाराना तरीके से पाकिस्तान द्वारा भारत को अनेक बार एटमी धमकियाँ दी गईं हैं। आज श्रीनगर की धरती से मैं पूरी दुनिया के सामने यह सवाल उठाना चाहता हूँ कि क्या ऐसे गैर ज़िम्मेदार और दुष्ट राष्ट्र के हाथों में परमाणु हथियार सुरक्षित हैं? मैं मानता हूँ कि पाकिस्तान के एटमी हथियारों को क्ब्अएअ यानि की निगरानी में लिया जाना चाहिए।

रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारी सीमाओं पर अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए, जिस तरह से आप सभी, बिना रुके, बिना थके, दिन-रात लगे रहते हैं, वह अपने आप में अद्भुत है, अद्वितीय है। आपकी यही बातें हम सब भारतीयों के लिए, मार्गदर्शक का कार्य करती हैं। यही कारण है, कि मैं हमेशा आपसे मिलने के लिए उत्साहित रहता हूँ, ताकि आपके अंदर की ऊर्जा से, मैं खुद भी कुछ प्रेरणा ले सकूँ। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने पहलगाम में धर्म पूछकर, हमारे निर्दोष लोगों को मारा।

शेष पेज 2 पर

## दुनिया की कोई ताकत मुझे रोक नहीं सकती, बिहार में बोले राहुल गांधी, यह अडानी-अंबानी की सरकार है, आपकी नहीं

दरभंगा । राहुल ने कहा कि आपके दबाव में पीएम नरेंद्र मोदी ने देश में जाति जनगणना की घोषणा की। आपके दबाव से डरकर उन्होंने संविधान को अपने माथे पर रख लिया। लेकिन उनकी सरकार लोकतंत्र, संविधान और अल्पसंख्यकों के खिलाफ है। यह अडानी-अंबानी की सरकार है, आपकी नहीं।

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी अंबेडकर छात्रावास में छात्रों को संबोधित करने के लिए मंच पर पहुंचे, बावजूद इसके कि पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। बिहार कांग्रेस के दावों के अनुसार, दरभंगा जिला प्रशासन ने उन्हें यह कार्यक्रम आयोजित करने की



अनुमति नहीं दी। राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार पुलिस ने मुझे रोकने की कोशिश की। लेकिन वे मुझे रोक नहीं पाए क्योंकि आपकी सत्ता मुझ पर नजर रख रही है। हमने पीएम नरेंद्र मोदी से कहा कि आपको जनगणना करानी होगी। राहुल ने कहा कि आपके दबाव में पीएम नरेंद्र मोदी ने देश में जाति जनगणना की घोषणा की।

शेष पेज 2 पर

## बांके बिहारी मंदिर से मिली धनराशि को कॉरिडोर बनाने पर खर्च कर सकेगी यूपी सरकार

### सुप्रीम कोर्ट ने दी अनुमति

नई दिल्ली। वृंदावन के श्रीबांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर निर्माण मामले में 20 नवंबर 2023 इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार की याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि कॉरिडोर का निर्माण हो, लेकिन इसमें मंदिर फंड का इस्तेमाल न करें। इस मामले में सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया।

उत्तर प्रदेश सरकार वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर से मिली धनराशि का उपयोग कॉरिडोर विकास के लिए कर सकेगी। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को अनुमति देते हुए कहा कि वह इस

### बिहारी जी कॉरिडोर के तीन हिस्से



- . श्रीबांकेबिहारी मंदिर क्षेत्र और उसकी परिक्रमा।
- 10600 -वर्ग मीटर में कॉरिडोर का ऊपरी हिस्सा।
- 11300-वर्ग मीटर में कॉरिडोर का निचला हिस्सा।

धनराशि से कॉरिडोर के लिए मंदिर के आसपास पांच एकड़ भूमि खरीद सकती है।

शीर्ष अदालत ने आदेश दिया है कि जिस भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा, उसका मंदिर के देवता के नाम पर पंजीकरण कराना होगा। कोर्ट ने कॉरिडोर के लिए राज्य सरकार की 500 करोड़ रुपये की विकास योजना को ध्यान में रखते हुए बांके बिहारी मंदिर ट्रस्ट की सावधि जमा राशि के उपयोग की अनुमति दे दी।

वृंदावन के श्रीबांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर निर्माण मामले में 20 नवंबर 2023 इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार की याचिका खारिज कर दी थी।

शेष पेज 2 पर

आरोप | रंग बदलने लगा अमेरिका

# रूस का नाम लेकर भारत पर लगा दिया बड़ा आरोप

नई दिल्ली। न्यूयॉर्क टाइम्स ने मार्च में बताया कि, 2023 और 2024 के शिपिंग रिकॉर्ड के अनुसार, ब्रिटिश एयरोस्पेस निमार्ता एचआर स्मिथ ग्रुप ने भारत को ऐसे उपकरण निर्यात किए जिन्हें रूसी हथियार प्रणालियों के लिए महत्वपूर्ण माना गया था। इसमें ट्रांसमीटर, कॉकपिट उपकरण और एंटेना शामिल थे। ये सभी ड्यूल यूज टेक्नोलॉजी हैं। यानी इनका इस्तेमाल सिविल एविएशन और मिलिट्री दोनों जगह किया जा सकता है।

जब भारत आत्मनिर्भर बनता है तो दुनिया के कुछ ताकतवर देश बेचैन हो जाते हैं। हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड यानी एचएएल भारत की सबसे बड़ी और सबसे भरोसेमंद रक्षा कंपनी आज एक अंतरराष्ट्रीय विवाद के केंद्र में है।



आरोप ये है कि एचएएल ने ब्रिटेन की एक रक्षा कंपनी से मिली तकनीक को रूस को ट्रंसफर कर दिया। लेकिन सवाल ये है कि क्या ये आरोप हकीकत हैं या फिर अमेरिका की घबराहट का एक नया रूप है। दरअसल, 13 मई को अमेरिका के एक प्रतिठित अखबार न्यूयार्क टाइम्स ने एक रिपोर्ट छापी है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने मार्च में बताया कि, 2023 और 2024 के शिपिंग रिकॉर्ड के अनुसार, ब्रिटिश एयरोस्पेस निमार्ता एचआर स्मिथ ग्रुप ने भारत को ऐसे उपकरण निर्यात किए जिन्हें रूसी हथियार प्रणालियों के लिए महत्वपूर्ण माना गया था। इसमें ट्रांसमीटर, कॉकपिट उपकरण और एंटेना शामिल थे। ये सभी ड्यूल यूज टेक्नोलॉजी हैं। यानी इनका इस्तेमाल सिविल एविएशन और मिलिट्री दोनों जगह किया जा सकता है।

दावा ये है कि एचएएल ने ये तकनीक रूस को ट्रांसफर कर दी। यहीं से विवाद शुरू होता है। एचएएल ने इन आरोपों को पूरी तरह से गलत, बेबुनियाद और दुर्भावनापूर्ण करार दिया। कंपनी का कहना है कि ब्रिटेन से मंगाए गए उपकरण केवल भारत के घरेलू डिफेंस के उपयोग के लिए थे। कोई भी टेक्नोलाजी न रूस और न ही किसी अन्य देश को ट्रांसफर की गई है। एचएएल ने ये भी कहा कि सभी इंटरनेशनल डिफेंस ट्रेड रूल और एक्सपोर्ट कंट्रोल गाइडलाइंस का पालन करती है। न्यूयॉर्क टाइम्स (NYT) की एक रिपोर्ट के बाद मंत्रालय एचएएल के बचाव में आया।

शेष पेज 2 पर

# आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के पीजीडीएम प्रतिभागियों हेतु फ्लैग ऑफ सेरेमनी फॉर इंटरनेशनल एजुकेशन टूर का आयोजन

**एनपीटी ब्यूरो**

गाजियाबाद। आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, मोहन नगर गाजिआबाद के पीजीडीएम सत्र(2023-25)प्रतिभागियों हेतु फ्लैग ऑफ सेरेमनी फॉर इंटरनेशनल एजुकेशन टूर टू यूनाइटेड अरब अमीरात के लिए 13 मई हेतु आयोजित किया गया। इसमें कुल 173 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागी इंदिरा गाँधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से तीन ग्रुपो में क्रमशः 15,16 एवं 19 मई को यूएई के लिए प्रस्थान करेंगे और दुबई, अबु धाबी एवं शारजाह के प्रमुख दर्शनीय स्थलों, सिनर्जी यूनिवर्सिटी, मीडिया प्रोडक्शन हाउस एवं बुर्ज खलीफा का दौरा करेंगे। प्रथम ग्रुप डा संजीव टंडन, द्वितीय ग्रुप डा अनुषा अग्रवाल एवं तृतीय ग्रुप प्रो शिल्पी राणा के संरक्षण



में भेजा जाएगा। फ्लैग ऑफ सेरेमनी की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ अजय कुमार द्वारा की गई। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों को वैश्विक व्यापार एवं वातावरण से संबंधित विषयों को समझने, विभिन्न देशों के कार्य संस्कृति तथा शिक्षापद्धति को जानने हेतु प्रेरित किया। साथ ही सुरक्षित और सुखमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। संस्थान के सभी शिक्षक इस समारोह में उपस्थित होकर सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभ कामना देकर उन्हें इंटरनेशनल टूर के लिए रवाना करने गए।

इस अवसर पर आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के चेयर मैन डॉ आरपी चड्ढा ने सभी प्रतिभागियों के शुभ एवं सुरक्षित यात्रा की शुभकामना दी। आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की तथा सभी छात्रों को मनोरंजन के साथ ज्ञान अर्जन करने की प्रेरणा दी। इस अवधि में सभी प्रतिभागी बिभिन्न प्रकार के शैक्षणिक, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक गतिबिधियो में हिस्सा लेंगे साथ ही मिडिल ईस्ट के इन विकसित देशो के एडवांस्ड इंफ्रास्ट्रक्चर का मुआयना करेंगे। आईटीएस की यह परंपरा 2012 से लगातार चली आ रही है, जिसमे प्रत्येक वर्ष विभिन्न निकायों के छात्र हर वर्ष इंटरनेशनल एजुकेशनल टूर पर विदेश भ्रमण के लिए जाया करते है। सभी प्रतिभागी काफी उत्साहित और प्रसन्न दिखे।

# मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्वा सरमा ने असम केबिनेट की खबर पेश करने के लिए किया एआई एंकर अंकिता को लॉन्च

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो, असमः असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्वा सरमा ने हाल ही में कैबिनेट बैठक की खबर फैलाने के लिए एआई द्वारा संचालित वर्चुअल न्यूज एंकर अंकिता को पेश किया। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा द्वारा अपने एक्स हैंडल पर जारी एक वीडियो में, एआई अंकिता को एंकर के रूप में असमिया भाषा में भूपेन हजारिका के नाम पर डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे का नाम बदलने और चाय बागान श्रमिकों को एकमुश्त अनुदान देने जैसे महत्वपूर्ण फैसलों के बारे में बताते हुए देखा गया है। जनसंपर्क के



क्षेत्र में एआई का उपयोग करने के असम सरकार के पहले प्रयास के रूप में, मुख्यमंत्री ने इस अभिनव पहल के लिए उत्साह व्यक्त किया और इसे प्रौद्योगिकी के माध्यम से लोगों से जुड़ने का एक नया तरीका करार दिया। जीवंत लुक और स्पष्ट आवाज से सजी, अंकिता ने अपनी पेशेवर प्रस्तुति से कई लोगों को प्रभावित किया है। असमिया में समाचारों की प्रस्तुति ने स्थानीय लोगों के लिए कैबिनेट अपडेट सुलभ बना दिए हैं। । जहां लोगों के एक वर्ग ने एआई के कौशल और आधुनिक तरीकों की सराहना की, वहीं दूसरों को डर है कि इससे समाचार एंकरों और पत्रकारों की नौकरियां चली जाएंगी। एआई अंकिता का लॉन्च यद्यपि असम सरकार द्वारा एक साहसिक कदम है, इसने नवाचार और नौकरी के अवसरों को संतुलित करने में बहुत विवाद पैदा किया है।

# पेज एक का शेष...

## 'पाकिस्तान से अब केवल आतंकवाद और पीओके खाली करने पर होगी बात'

हमने आतंकी ढांचे को नष्ट करके जो लक्ष्य निर्धारित किए थे, उन्हें हासिल कर लिया है। ऑपरेशन सिंदूर की शुरूआत में ही हमने पाकिस्तान को यह संदेश भेज दिया था कि हम आतंकी ढांचे पर हमला कर रहे हैं, न कि सेना पर और सेना के पास यह विकल्प है कि वह अलग खड़ी रहे और हस्तक्षेप न करे।

उन्होंने उस सलाह को न मानने का फैसला किया। एक बार 10 मई की सुबह उन्हें बुरी तरह से नुकसान पहुंचा। सैटेलाइट तस्वीरों से पता चलता है कि हमने कितना नुकसान पहुंचाया और उन्होंने कितना कम नुकसान किया। इसलिए यह स्पष्ट है कि गोलीबारी बंद करने की मांग कौन कर रहा था। पहलगाम हमले पर विदेश मंत्री ने कहा कि हमें अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिला है। हमने वठरउ में प्रस्ताव पेश किया था कि अपराधियों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और सात मई को उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के जरिये जवाबदेह ठहराया गया।

भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता जारी- भारत अमेरिका व्यापार वार्ता को लेकर विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता चल रही है। ये थोड़ी कठिन है। जब तक सब कुछ तय नहीं हो जाता, तब तक कुछ भी कहा नहीं जा सकता। कोई भी व्यापार सौदा परस्पर लाभकारी होना चाहिए। यह दोनों देशों के लिए कारगर होना चाहिए। व्यापार सौदे से हमारी यही अपेक्षा होगी। जब तक यि लाभाकारी नहीं हो जाता, इस पर कोई भी निर्णय जल्दबाजी होगी।

होंडुरास के साथ हमारे मजबूत संबंध-होंडुरास दूतावास के उद्घाटन के दौरान विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि अब हमारे पास होंडुरास का नया दूतावास है। यह उन देशों में से एक हैं जिन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के समय मजबूत एकजुटता व्यक्त की थी। वैश्विक दक्षिण सहयोग के हिस्से के रूप में हमारे विकासात्मक अनुभवों का आदान-प्रदान करने की संभावना है। हमने स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित किया। हम अब एक प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली स्थापित करने में लगे हुए हैं। इसका उद्देश्य आपदा के प्रति होंडुरास की तैयारियों को मजबूत करना है।

एस जयशंकर ने कहा कि वैश्विक मंच पर हमारे सहयोग का संयुक्त राष्ट्र सहित कई देशों ने समर्थन किया है। हम विभिन्न बहुपक्षीय गतिविधियों में होंडुरास से प्राप्त निरंतर समर्थन को महत्व देते हैं। होंडुरास में भारतीय प्रवासी कम हैं, लेकिन यह जीवंत है और यह स्थानीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देते है और साथ ही दोस्ती के जीवंत पुल के रूप में कार्य करते हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले तीन दशकों में भारत और होंडुरास के आर्थिक संबंध लगातार बढ़े हैं। वे व्यापार, निवेश और तकनीकी सहयोग से मजबूत हुए हैं। द्विपक्षीय व्यापार आज 300 मिलियन डॉलर से थोड़ा अधिक है। हम होंडुरास को फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा, ऑटोमोबाइल और मशीनरी निर्यात करते हैं और होंडुरास से कॉफी, लकड़ी और चमड़ा आयात करते हैं। यह वाणिज्यिक आदान-प्रदान कृषि, व्यवसाय, नवीकरणीय ऊर्जा, स्वास्थ्य देखभाल, सूचना प्रौद्योगिकी और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में काफी संभावनाओं को उजागर करता है।

उन्होंने कहा कि नई दिल्ली में होंडुरास के दूतावास के खुलने से व्यापार को बढ़ावा देने में काफी मदद मिलेगी। व्यवसायियों को दूतावास को मैचमेकिंग के केंद्र के रूप में उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, जो अधिक पहल गतिविधियों और जुड़ावों को शुरू करने के लिए संस्थागत समर्थन प्रदान करेगा। उन्होंने होंडुरास के प्रतिनिधियों का आभार जताया।

विदेश मंत्री ने कहा कि मैं सबसे पहले पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले पर होंडुरास की एकजुटता को स्वीकार करता हूं। हम आतंकवाद के विरोध में आपकी सार्वजनिक प्रतिबद्धता की सराहना करते हैं और इस तथ्य की भी कि यह ऐसी चीज है जो सभ्य दुनिया के किसी भी रूप में पूरी तरह से अस्वीकार्य है। हम आज अपने क्षेत्र में आतंकवाद से लड़ते समय आपके समर्थन और एकजुटता की बहुत सराहना करते हैं।

## मोदी जी पानी दे दो!

अपनी भारतीय समकक्ष देबश्री मुखर्जी को लिखे पत्र में मुर्तजा ने नई दिल्ली द्वारा उठाई गई विशिष्ट आपत्तियों पर चर्चा करने के लिए अपनी सरकार की तत्परता व्यक्त की। उन्होंने भारत के कदम के कानूनी आधार पर भी सवाल उठाया कि संधि में कोई निकास संबंधी खंड नहीं है। हालांकि, भारत सरकार अपने फैसले पर अड़ी हुई है।

भारत अपने स्टैंड पर कायम- जल शक्ति मंत्रालय के अधिकारियों से जब संपर्क किया गया तो उन्होंने इस घटनाक्रम पर आधिकारिक रूप से टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, लेकिन सरकारी सूत्रों ने संकेत दिया कि मौजूदा परिस्थितियों में भारत की स्थिति में बदलाव की संभावना नहीं है। सूत्रों ने दोहराया कि संधि को निलंबित करने का निर्णय जम्मू कश्मीर को लगातार निशाना बनाकर सीमा पार से होने वाले आतंकवादह्न के कारण लिया गया था। गत 24 अप्रैल को लिखे पत्र में मुखर्जी ने मुर्तजा को सूचित किया था कि ह्यसंधि के तहत प्रस्तावित वार्ता में शामिल होने से पाकिस्तान का इनकार और आतंकवाद को लगातार प्रायोजित करना संधि का उल्लंघन है। चाहे कुछ भी हो जाए, भारत उन्हें पानी की एक बूंद भी नहीं देंगा। भारत ने यह भी घोषणा की थी कि वह पाकिस्तान के साथ बाढ़ की चेतावनी साझा करना बंद कर देगा।

टाइमिंग काफी अहम है-पाकिस्तान की अपील की टाइमिंग बहुत महत्वपूर्ण है। भारत की दो पूर्व सूचनाएँ जनवरी 2023 में और फिर सितंबर 2024 में सिंधु जल संधि की समीक्षा और संशोधन का अनुरोध किया गया था, इस्लामाबाद से अनुत्तरित रहीं। हालाँकि, स्थगन और ऑपरेशन सिंदूर के बाद, पाकिस्तान ने इस मुद्दे पर कुछ इच्छा दिखाई है।

सिंधु जल संधि कब की गई थी- भारत और पाकिस्तान के बीच जल-बंटवारे के समझौते सिंधु जल संधि (क्हळ) पर 19 सितंबर, 1960 को हस्ताक्षर किए गए थे। सिंधु नदी प्रणाली में तीन पूर्वी नदियाँ (रावी, ब्यास और सतलुज और उनकी सहायक नदियाँ) और तीन पश्चिमी नदियाँ (सिंधु, झेलम और चिनाब और उनकी सहायक नदियाँ) शामिल हैं। संधि के अनुसार, भारत सिंधु प्रणाली के कुल जल का लगभग 20% नियंत्रित करता है, जबकि पाकिस्तान को लगभग 80% मिलता रहा था। 23 अप्रैल को विदेश मंत्रालय (एमईए) ने प्रतिक्रिया में कई सख्त उपायों की घोषणा की, जिसमें सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से स्थगित करना भी शामिल है। दरअसल, 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच वर्ल्ड बैंक की मौजूदगी में सिंधु जल संधि हुई थी। इस संधि के तहत पाकिस्तान को 6 बेसिन नदियों में से 3 का पानी मिला। सिंधु, झेलम और चिनाब जबकि भारत को रावी, व्यास और सतलुज का पानी मिला। लेकिन अब जब भारत ने पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान को सबक सिखाने का फैसला किया तो सबसे पहला कदम सिंधु जल संधि को सस्पेंड करना। पाकिस्तान की 80 प्रतिशत खेती और 30 प्रतिशत पावर प्रोजेक्ट सिंधु जल पर टिके हैं। पानी रुकने पर पाकिस्तान की कमर टूट गई।

भारत द्वारा सिंधु जल संधि को स्थगित करने का प्रभाव-भारत द्वारा सिंधु जल संधि को स्थगित करने के निर्णय का पाकिस्तान पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। जिसका उल्लेख खुद पाकिस्तान ने अपने पत्र में किया है। पाकिस्तान ने रोना रोते हुए कहा है कि उनका देश एक कृषि अर्थव्यवस्था है। लाखों लोग इस संधि द्वारा विनियमित पानी पर निर्भर हैं। भारत का निर्णय पाकिस्तान के लोगों और उसकी अर्थव्यवस्था पर हमला करने के बराबर है। बता दें कि पाकिस्तान सिंधु नदी प्रणाली पर बहुत अधिक निर्भर है, इसकी लगभग 80 प्रतिशत खेती योग्य भूमि यानी 16 मिलियन हेक्टेयर इन नदियों के पानी पर निर्भर है। संधि द्वारा शासित नदियाँ (सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास, सतलुज) सिंचाई, शहरी खपत और जलविद्युत के लिए पानी की आपूर्ति करती हैं। पाकिस्तान पहले से ही वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक जल-तनावग्रस्त देशों में से एक है, जहाँ प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता में गिरावट आ रही है। देश की जल भंडारण क्षमता कम है, और किसी भी तरह की रुकावट मौजूदा कमजोरियों को और बढ़ा देती है। कृषि के अलावा, सिंधु जल पाकिस्तान के कराची, लाहौर और मुल्तान जैसे शहरों के लिए पीने के पानी के लिए भी महत्वपूर्ण है। पानी की आपूर्ति में कटौती से इन शहरों में पानी की कमी हो जाएगी, जिसका देश की अर्थव्यवस्था पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा।

## मंत्री विजय शाह के खिलाफ एफआईआर पर हाईकोर्ट ने उठाए सवाल, पुलिस को जमकर लगाई फटकार

युगलपीठ ने सुनवाई के दौरान अपने आदेश में कहा है कि एफआईआर ऐसे कंटेंट के साथ लिखी गयी है,जो चुनौती देने पर निरस्त हो जाये। युगलपीठ ने आदेश में उल्लेखित कंटेंट के बारे बताते हुए एफआईआर दर्ज करने के लिए कहा है। इसके अलावा एफआईआर में पुलिस विवेचना की मॉनिटरिंग हाईकोर्ट द्वारा की जायेगी।

युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि यह उल्लेख करना आवश्यक है कि कर्नल सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह के साथ, मीडिया और राष्ट्र को पाकिस्तान के खिलाफ हमारे सशस्त्र बलों द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन ह्लसिंदूरह्व की प्रगति के बारे में जानकारी देने वाले सशस्त्र बलों का चेहरा थीं। मंत्री ने कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ एक व्यंग्यात्मक टिप्पणी की, जो किसी और के लिए नहीं बल्कि उनके लिए ही हो सकती है। सार्वजनिक समारोह में उन्होंने कर्नल सोफिया कुरैशी को पहलगाम में 26 निर्दोष भारतीयों की हत्या करने वाले आतंकवादियों की बहन बताया है। अखबारों की रिपोर्ट और इंटरनेट पर उपलब्ध डिजिटल सामग्री मे उपलब्ध मंत्री के भाषण उपलब्ध है। जिसमें उन्होंने कहा है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आतंकवादियों की बहन को उन्हें सुलझाने के लिए भेजने की बात कही है। उनकी यह टिप्पणी संबंधित अधिकारी के लिए बल्कि सशस्त्र बलों के लिए भी अपमानजनक और खतरनाक है।बयान प्रथम दृष्टया मुस्लिम धर्म के सदस्यों और अन्य व्यक्तियों के बीच वैमनस्य और दुश्मनी या घृणा या दुर्भावना पैदा करने की प्रवृत्ति वाला है।

युगलपीठ ने आदेश में कहा है कि बी.एन.एस. के विभिन्न प्रावधानों के अवलोकन के आधार पर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को निर्देशित किया जाता है कि मंत्री विजय शाह के विरुद्ध गुरुवार शाम तक आवश्यक तौर पर आदेशानुसार एफआईआर दर्ज करें। आदेश का पालन नहीं होने पर उनके खिलाफ अवमानना के लिए कार्यवाही करने पर विचार किया जा सकता है। इसके पहले हाईकोर्ट ने संज्ञान लेते हुए मंत्री के खिलाफ बीएनएस की धारा 152, 196(1)(बी) और 197(1)(सी) के अंतर्गत तत्काल एफआईआर दर्ज करने के आदेश जारी किये थे। आदेश ये भी कहा गया था कि प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह ने सोमवार को महू के अंबेडकर नगर के रायकुंडा गांव में एक सार्वजनिक समारोह में भारतीय सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। सशस्त्र सेना देश में मौजूद आखिरी संस्था है, जो ईमानदारी, उद्योग, अनुशासन, त्याग, निःस्वार्थता, चरित्र, सम्मान और अदम्य साहस को दर्शाती है। देश का कोई भी नागरिक खुद उन्हें पहचान सकता है। मंत्री विजय शाह ने आमसभा में कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ गटर भाषा का इस्तेमाल किया है।

## वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट में टली सुनवाई

क्योंकि उन्होंने पहली बार इस मामले की सुनवाई की थी, इससे पहले 5 मई को पूर्व सीजेआई संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने उनकी आसन्न सेवानिवृत्ति के कारण सुनवाई को नए सीजेआई पीठ के पास भेज दिया था।

पीठ में न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह भी शामिल थे। पीठ ने कहा कि वह याचिकाकताओं की दो घंटे तक सुनवाई करेगी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की अगुआई वाली केंद्र सरकार को इस सीमित मुद्दे पर निर्णय लेने के लिए दो घंटे का समय देगी कि क्या रोक के संबंध में कोई अंतरिम आदेश पारित करने की आवश्यकता है। फिलहाल, शीर्ष अदालत ने केंद्र द्वारा दिए गए आश्वासन को दर्ज किया कि वह ह्यवक्फ-बाय-यूजरह्व सहित वक्फ संपत्तियों को गैर-अधिसूचित नहीं करेगी और केंद्रीय वक्फ परिषद और वक्फ बोर्डों में कोई नियुक्ति नहीं करेगी। केंद्र ने आगे आश्वासन दिया कि राज्य द्वारा की गई किसी भी नियुक्ति को अमान्य घोषित कर दिया जाएगा।

बेंच ने कहा कि हम हर पक्ष को दो घंटे का समय देंगे... सॉलिसिटर जनरल द्वारा दिया गया आश्वासन जारी रहेगा। मुख्य मामले की सुनवाई के बजाय, हम उन मुद्दों को देख सकते हैं जो अंतरिम राहत के लिए आवश्यक हैं।

## पाकिस्तान के परमाणु हथियारों की हो वैश्विक निगरानी

उसके बाद आपने जो जवाब दिया, उसे पूरी दुनिया ने देखा। उन्होंने यह नहीं सोचा, कि आम नागरिकों ने उनका क्या बिगाड़ा है, उन्होंने ऐसा क्या किया है, कि उन्हें मार दिया जाए? पर मैं यहाँ कहना चाहूँगा, कि ह्यआतंकियों ने भारतीयों को धर्म देखकर मारा, तो हमने आतंकियों को उनका कर्म देखकर मारा ह्व उन्होंने धर्म देखकर बेगुनाहों की जान ली, यह पाकिस्तान का कर्म था। हमने कर्म देखकर उनका खात्मा किया, यह हमारा भारतीय धर्म था।

राजनाथ ने कहा कि एक रक्षा मंत्री के रूप में, मुझे आप सबको बेहद नजदीक से जानने का अवसर मिला है। मैं आपके साहस और पराक्रम को तो जानता ही हूँ, साथ ही साथ पहलगाम जैसी घटना के प्रति आपके गुस्से को भी मैं जानता हूँ। मुझे पता है, कि पहलगाम के बाद आपके अंदर गुस्सा था, पूरे देश के अंदर गुस्सा था। मुझे पता है, कैसा महसूस होता है, जब धमनियों में बह रहा रक्त बेकाबू होने लगे। और मुझे इस बात की खुशी भी है, कि आपने अपने गुस्से को सही दिशा देते हुए, बड़ी बहादुरी और सूझ-बूझ के साथ, पहलगाम का बदला लिया।

## दुनिया की कोई ताकत मुझे रोक नहीं सकती, बिहार में बोले राहुल गांधी, यह अडानी-अंबानी की सरकार है, आपकी नहीं

आपके दबाव से डरकर उन्होंने संविधान को अपने माथे पर रख लिया। लेकिन उनकी सरकार लोकतंत्र, संविधान और अल्पसंख्यकों के खिलाफ है। यह अडानी-अंबानी की सरकार है, आपकी नहीं। मैं गारंटी देता हूं कि जैसे ही देश और बिहार में हमारी सरकार बनेगी, और जो आप चाहते हैं वो सब लागू करेंगे। राहुल ने साफ तौर पर कहा कि बिहार की पुलिस ने मुझे रोकने को कोशिश की, लेकिन रोक नहीं पाई। वो हमें इसलिए नहीं रोक पाई, क्योंकि मेरे पीछे युवाओं की शक्ति है। दुनिया की कोई ताकत मुझे रोक नहीं सकती।

कांग्रेस नेता ने कहा कि देश की 90% आबादी को अपनी ताकत समझनी होगी। आपका ध्यान भटकाकर आपको रोका जा रहा है। ब्यूरोक्रेसी, कॉर्पोरेट इंडिया, एजुकेशन सिस्टम, मेडिकल सिस्टम में इस 90% आबादी का कोई नहीं मिलेगा। लेकिन...अगर मनरेगा की लिस्ट निकालेंगे तो उसमें सिर्फ दलित, पिछड़ा और आदिवासी वर्ग के लोग मिलेंगे। सारे के सारे कांट्रैक्ट, सारा धन चंद लोगों के हाथ में जाता है और आपको उल्टी-सीधी बातें बताकर आपका ध्यान भटकाया जाता है, इसलिए आपको एक साथ खड़े होना है।

उन्होंने कहा कि देश में दलितों, पिछड़ों, अतिपिछड़ों और आदिवासियों के साथ 24 घंटे अन्याय होता है। आपके साथ भेदभाव होता है और आपको शिक्षा के सिस्टम में रोका जाता है। इसलिए हमारी मांग हैः सही तरीके से जातिगत जनगणना कराई जाए। प्राइवेट कॉलेज और यूनिवर्सिटी में आरक्षण लागू हो। लेकिन नरेंद्र मोदी और बिहार सरकार ये कानून लागू नहीं कर रही है, इसलिए हम इनपर दबाव डालेंगे और ये करके दिखाएंगे। जैसे ये हमें यहां आने से नहीं रोक पाए, वैसे ही आगे भी नहीं रोक पाएंगे।

## रूस का नाम लेकर भारत पर लगा दिया बड़ा आरोप

सरकारी सूत्रों ने कहा कि रिपोर्ट तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक है, और इसमें राजनीतिक आख्यान के अनुरूप मुद्दों को गढ़ने और तथ्यों को विकृत करने की कोशिश की गई है। एक अधिकारी ने कहा कि रिपोर्ट में उल्लिखित भारतीय इकाई ने रणनीतिक व्यापार नियंत्रण और अंतिम उपयोगकर्ता प्रतिबद्धताओं पर अपने सभी अंतरराष्ट्रीय दायित्वों का ईमानदारी से पालन किया है। रणनीतिक व्यापार पर भारत का मजबूत कानूनी और नियामक ढांचा इसकी कंपनियों द्वारा विदेशी वाणिज्यिक उपक्रमों का मार्गदर्शन करना जारी रखता है।

भारतीय कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स, रूसी हथियार एजेंसी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट की सबसे बड़ी व्यापारिक साझेदार है। एच.आर. स्मिथ के वकील ने हाल ही में टाइम्स को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स का एक बयान उपलब्ध कराया, जिसमें कहा गया था कि ब्रिटिश उपकरण रूस को नहीं बेचे गए थे। लेकिन बात इतनी भर नहीं है। बड़ा सवाल ये है कि अमेरिका और पश्चिमी मीडिया को इतनी चिंता क्यों हो रही है। भारत और रूस का रक्षा सहयोग दशकों पुराना है। एचएएल ने एसयू-30 एमकेआई जैसा फाइटर जेट भारत में बनाए हैं। ये रूस की टेक्नोलॉजी पर आधारित है। एचएएल ब्रह्मोस मिसाइल प्रोग्राम का भी हिस्सा है जो भारत रूस का ज्वाइंट वेंचर है। रूस की तकनीक पर भारत अब स्वदेशी बदलाव कर चुका है। लेकिन दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी मजबूत बनी हुई है। रिपोर्ट बताते हैं कि भारत और रूस मिलकर एस 500 का ज्वाइंट प्रोडक्शन भी कर सकते हैं। रूस के साथ मिलकर एस 500 के ज्वाइंट प्रोडक्शन का ऑफर मॉस्को की तरफ से दिया गया है। अमेरिक चाहता है कि भारत पूरी तरह पश्चिमी ब्लॉक में आ जाए। लेकिन भारत ने न तो रूस से दूरी बनाई न अमेरिकी दबाव में झुका है। यही बात कुछ ताकतवर देशों को खल रही है। रूस और यूक्रेन युद्ध के बाद अमेरिका और पश्चिमी देशों ने रूस पर टेक्नोलॉजिकल प्रतिबंध लगाए हैं। कोई भी टेक्नोलाजी रूस तक न पहुंचे ये उनकी प्रमुख नीति है। इसके लिए वो तीसरे देशों की आपूर्ति चेन को भ निगरानी में रखते हैं।

## बांके बिहारी मंदिर से मिली धनराशि को कॉरिडोर बनाने पर खर्च कर सकेगी यूपी सरकार

हाईकोर्ट ने कहा था कि कॉरिडोर का निर्माण हो, लेकिन इसमें मंदिर फंड का इस्तेमाल न करें। सरकार अपने स्तर से इसका खर्च वहन करे। वहीं उत्तर प्रदेश सरकार का कहना था कि अगर सरकार अपने खर्च से जमीन खरीदेगी तो उस पर सरकार का मालिकाना हक होगा। इसी प्रकार कॉरिडोर के निर्माण पर सरकार धनराशि खर्च करेगी तो उस पर भी सरकार का ही अधिकार होगा। कॉरिडोर को मंदिर से क्लब किया जा सके और मंदिर प्रबंधन कमेटी इसका संचालन कर सके, इसके लिए जरूरी है कि मंदिर फंड से ही कॉरिडोर का निर्माण कराया जाए।

पांच एकड़ में प्रस्तावित है कॉरिडोर- श्री ठाकुर बांके बिहारी के कॉरिडोर पांच एकड़ में प्रस्तावित है। इसका डिजाइन काशी कॉरिडोर की तर्ज पर तैयार किया है। कॉरिडोर प्रांगण में ठा. श्रीबांकेबिहारी जी से पहले राधागोपाल, राधाबिहारी और केशव-जू सहित गौड़िया मठ का अद्भुत आकर्षण भक्तों के लिए मनोहारी छटा बिखेरने वाला होगा। इतना ही नहीं, प्रस्तावित कॉरिडोर में भक्तों के बैठने के लिए विशाल प्रतीक्षालय, सामान व जूता घर के साथ पेयजल और चिकित्सा सेवा सहित शिशु देखभाल की व्यवस्था का भी प्रावधान है।

एक साथ 10 हजार श्रद्धालु कर सकेंगे दर्शन- कॉरिडोर बनने के बाद 10 हजार श्रद्धालु एक साथ दर्शन कर सकेंगे। इसके निर्माण के लिए करीब 276 से अधिक दुकान और मकानों का अधिग्रहण किया जाएगा। इसमें 149 आवासीय, 66 व्यावसायिक, 57 मिश्रित भवन हैं। इसके अलावा काशी में बने कॉरिडोर के आधार पर ही इसे विकसित किया जाएगा। कॉरिडोर के साथ ही श्रीबांकेबिहारी मंदिर के परिक्रमा मार्ग को भी नया स्वरूप दिया जाना है।

# रोबोटिक्स कार्यशाला के समापन पर डीआईओएस ने शिक्षकों

**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो**

बागपत। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बागपत में चल रही तीन दिवसीय रोबोटिक्स कार्यशाला का समापन समारोह हुआ।

कार्यशाला के समापन में सभी उपस्थित और प्रतिभागी 84 शिक्षक व शिक्षिकाओं को जिला विद्यालय निरीक्षक बागपत के कर कमलों से प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। जिला विद्यालय निरीक्षक बागपत द्वारा रोबोटिक्स कार्यशाला के विषय में जानकारी उपलब्ध कराते हुए कहा कि यह कार्यशाला भविष्य में आने वाले नई-नई




तकनीक से शिक्षक- शिक्षिकाओं तथा उनके साथ-साथ उनके विद्यार्थियों के लिए भी लाभप्रद रहेगी। आने वाली नई तकनीक के बारे में आप पहले से ही जानकारी प्राप्त करके उसे विद्यार्थियों तक भली भांति पहुंचा सकते हैं। इस कार्यशाला का उद्देश्य सभी शिक्षक -शिक्षिकाओं तथा उनके द्वारा पढ़ाए गए विद्यार्थियों के अंदर नई तकनीक व दक्षता को विकसित करना है, जिससे वह आने वाले समय में विकसित भारत की उन्नति में सहभागी बन सके। विद्यालय की प्रधानाचार्य तथा कार्यशाला की जनपदीय नोडल अधिकारी डॉ प्रीति शर्मा व विद्यालय स्तरीय नोडल अधिकारी छवि श्रीवास्तव द्वारा सभी शिक्षक -शिक्षिकाओं को सामान्य जानकारी उपलब्ध कराते हुए कार्यशाला में ससमय उपस्थित होने तथा पूरे मन से समस्त कार्य को सीखने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। समापन समारोह में हुकम सिंह, इंदु, अंकुर शर्मा व अन्य शिक्षक -शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# डीजीआर स्कूल ने फिर रचा इतिहास सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025 में शानदार प्रदर्शन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो।**

मोदीनगर ` पतला डीजीआर सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, 2025 की सीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन कर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता को सिद्ध किया है।

इस वर्ष छात्रों ने अनुशासन, मेहनत और लगन के बल पर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। परीक्षा परिणामों ने न सिर्फ विद्यालय की शिक्षण गुणवत्ता को दशार्या, बल्कि विद्यार्थियों की दृढ़ इच्छाशक्ति और मार्गदर्शकों के समर्पण को भी उजागर किया।



विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सोनल चौधरी ने इस अवसर पर कहा

हमारे विद्यार्थी हर वर्ष की तरह इस बार भी बेहतरीन प्रदर्शन करके हमारे विश्वास को दृढ़ करते हैं। यह सफलता शिक्षकों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और विद्यार्थियों की लगन का सामूहिक परिणाम है ह्व

विद्यालय के प्रबंधक श्री गुलबीर सिंह ने सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए यह विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में भी स्कूल इसी तरह शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा।

# आदर्श पब्लिक स्कूल में मनाया गया विश्व परिवार दिवस

**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो**

बागपत। कस्बा खेकड़ा के आदर्श पब्लिक स्कूल में विश्व परिवार दिवस मनाया गया।

परिवार बिना जीवन जीना असंभव है। परिवार ही हमें समाज के साथ जोड़ता है और आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। बुरे से बुरे वक्त में परिवार हमारे साथ खड़ा होता है। इंसान को जीवन के हर मोड़ पर परिवार की जरूरत होती है। परिवार के बिना इंसान का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। सन् 1989 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक बैठक की गई, जिसमें परिवार के महत्व को जन जन तक पहुंचने के लिए परिवार दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा गया और तभी से



15 मई को परिवार दिवस मनाया जाने लगा। स्कूल की प्रधानाचार्या कोमल शर्मा ने बच्चों को बताया कि हमारे जीवन में परिवार का बहुत बड़ा महत्व है। जब किसी पर बुरा वक्त आता है तो उस वक्त उसका परिवार ही उसके साथ खड़ा होता है। पहले ज्यादातर लोग संयुक्त परिवार में रहते थे, अब लोग एकल परिवार में रहते है, ऐसे में परिवार के महत्व को लेकर लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए विश्व परिवार दिवस मनाया जाता है।

# कूलर में उतरे करंट से 2 वर्षीय मासूम की मौत, कादराबाद गांव में मचा कोहराम

**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो।**

मोदीनगर क्षेत्र के गांव कादराबाद में बुधवार सुबह एक हृदयविदारक हादसा सामने आया, जिसमें एक मासूम की जान चली गई। सुबह करीब 7 बजे 2 वर्षीय बच्चा कूलर में उतरे करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया है। जानकारी के अनुसार, श्याम मोहन का 2 वर्षीय पुत्र प्रिंस घर के आंगन में खेल रहा था। खेलते-खेलते वह आंगन में रखे कूलर के पास पहुंच गया और जैसे ही उसने कूलर को छुआ, उसे जोरदार करंट लगा। करंट लगते ही बच्चा झुलस कर गिर पड़ा।

परिजन तुरंत हरकत में आए और कूलर का स्विच बंद कर बच्चे को स्थानीय अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद प्रिंस को मृत घोषित कर दिया। परिवार का कहना है कि रात भर कूलर चल रहा था, लेकिन किसी को इस बात का अंदेशा नहीं था कि कूलर में करंट उतर आया है। हादसे के बाद से पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग शोक व्यक्त करने के लिए श्याम मोहन के घर परिवार को सांत्वना देने पहुंचे घर में मातम पसरा हुआ है।

# युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का विरोध किया तो पीड़ित पर हमला, एसपी से की शिकायत

बागपत, बड़ौत कोतवाली क्षेत्र में एक युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले ने गंभीर रूप ले लिया है। युवती के परिजनों ने जब इस हरकत का विरोध किया, तो आरोपित युवक और उसके परिजनों ने न केवल मारपीट की, बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। गुरुवार दोपहर प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित ने बताया कि उसके परिवार की एक युवती को गैर समुदाय का युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। जब परिजनों ने युवक के घर जाकर युवती को वापस लाने की अपील की, तो युवक और उसके परिजनों ने रिश्तेदारी में बुलाकर गाली-गलौच और धमकी देना शुरू कर दिया।

पीड़ित के अनुसार, 30 अप्रैल की सुबह लगभग 5 बजे, जब वह बड़ौली रजवाहा पर टहल रहा था, तभी आरोपित युवक के परिवारजनों ने उसके भाई के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि इस पूरे प्रकरण की शिकायत पुलिस से की गई, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। इससे निराश होकर वह गुरुवार को एसपी कार्यालय पहुंचा और पूरी घटना की लिखित शिकायत देते हुए आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की। पीड़ित परिवार का कहना है कि उनकी बेटी को बहलाकर ले जाने वाले युवक के इरादे संदिग्ध हैं और वे उसकी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से अपील की है कि युवती की शीघ्र बरामदगी कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।

वहीं, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# व्यापारियों के हित में सराहनीय कार्य कर रही है सरकार: अरुण तोमर

**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो**

बड़ौत/बागपत-उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल के पहली बार बड़ौत आगमन पर नगर का माहौल व्यापारिक एकता और उत्साह से सराबोर रहा। इस विशेष अवसर पर जिला व्यापार मण्डल, बागपत की ओर से जिलाध्यक्ष अरुण तोमर के नेतृत्व में नगर के प्रमुख व्यापारियों और संगठन के पदाधिकारियों द्वारा एक भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह गरिमामयी कार्यक्रम शिव शक्ति होंडा शोरूम, बड़ौत पर आयोजित किया गया, जहाँ प्रांतीय अध्यक्ष कंछल का फूलमालाओं व स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन संगठन के जिला महामंत्री संदीप गर्ग 'टीटू प्रधान' ने किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष मुदित जैन ने प्रांतीय अध्यक्ष को नगर के व्यापारियों की समस्याओं एवं स्थानीय स्तर पर आ रही विभिन्न व्यावसायिक चुनौतियों से अवगत कराया। उन्होंने मांग की कि व्यापारी समाज को सशक्त करने हेतु राज्य स्तर पर ठोस योजनाएं और संवाद स्थापित किया जाए।

कार्यक्रम में अनेक प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से: जिला महामंत्री नवनीत जैन वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुज जैन (मोनू) सौरभ जैन (निरोजपुर) हिमांशु शर्मा अजय जैन हर्ष आर्य (चीनू) अभिषेक जैन आदि शामिल रहे। सभी ने संयुक्त रूप से संगठन की मजबूती और व्यापारी हितों की रक्षा हेतु अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम के उपरांत प्रांतीय अध्यक्ष बनवारीलाल कंछल ने संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक ली, जिसमें जिले के व्यापारिक प्रतिनिधियों के साथ संवाद स्थापित करते हुए उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे व्यापारी हितैषी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ह्लउत्तर प्रदेश की सरकार निरंतर व्यापारियों की समस्याओं के समाधान की दिशा में कार्य कर रही है, और हमारा संगठन सरकार और व्यापारियों के बीच मजबूत सेतु का कार्य कर रहा है।

उन्होंने सुझाव दिया कि हर नगर और जनपद स्तर पर व्यापारियों की नियमित बैठकें आयोजित की जाएं ताकि जमीनी स्तर की समस्याएं शीघ्रता से उच्च स्तर तक पहुँचाई जा सकें। साथ ही उन्होंने युवाओं को संगठन में सक्रिय रूप से जोड़ने पर बल दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष अरुण तोमर ने कहा व्यापारी वर्ग देश की रीढ़ है। वर्तमान सरकार की नीतियाँ व्यापारियों के हित में हैं और संगठन का कर्तव्य है कि वह हर व्यापारी की आवाज को शासन-प्रशासन तक प्रभावी रूप से पहुँचाए। बड़ौत जैसे तेजी से विकसित हो रहे नगर में व्यापारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 5 लाख करने की मांग: अमरोहा में किसान संघ ने बैंक प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**
**अमरोहा ' उत्तर प्रदेश**

हसनपुर में भारतीय किसान संघ ने गुरुवार को जिला सहकारी बैंक सैदनगली के प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाकर 5 लाख रुपए करने की मांग की है। किसान संघ ने बैंक में खाता खोलने के फॉर्म की अनुपलब्धता का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इस वजह से किसानों को बार-बार बैंक के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

मांगों का जल्द समाधान-किसान क्रेडिट कार्ड की फाइल मंजूर करने के लिए लिया जा रहा सुविधा शुल्क तुरंत बंद करने की मांग भी की गई। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों का जल्द समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, कृष्ण कुमार शर्मा, ओमवीर चौहान, अवनीश शर्मा, धर्मपाल सिंह, महिपाल सिंह, कर्मेंद्र सिंह और खड़क सिंह समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

# अमरोहा में अवैध नर्सिंग होम और लैब पर कार्रवाई:स्वास्थ्य विभाग ने 4 प्रतिष्ठान किए सील, मरीजों को सरकारी अस्पताल भेजा

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**

अमरोहा ' उत्तर प्रदेश -अमरोहा में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की। टीम ने कई नर्सिंग होम और पैथोलॉजी लैब को सील कर दिया। नोडल अधिकारी के नेतृत्व में टीम सबसे पहले भानपुर फाटक स्थित आस्था मेडिकेयर पहुंची। यहां से एक मरीज को सरकारी अस्पताल भेजकर प्रतिष्ठान सील किया गया फाजलपुर फाटक स्थित समर नर्सिंग सेंटर का संचालक टीम को देखकर फरार हो गया। यहां भर्ती तीन मरीजों को सरकारी अस्पताल भेजा गया। इसके अलावा सिहाली जागीर की चमन पैथोलॉजी लैब और अतरासी की मन्नत पैथोलॉजी लैब को भी सील किया गया मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सतपाल सिंह ने बताया कि इन प्रतिष्ठानों में या तो चिकित्सक मौजूद नहीं थे या अन्य कमियां पाई गईं। सभी संबंधितों से आवश्यक दस्तावेज मांगे गए हैं। वैध दस्तावेज न दिखाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई मंगलवार को जिला मुख्यालय पर हुई दिशा की बैठक के बाद की गई। बैठक में सांसद कंवर सिंह तंवर ने अवैध लैब व अस्पतालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिलाधिकारी ने भी तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए थे।

# आर्य समाज और आर्य वीर दल ने भारतीय सेना के सम्मान में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

बागपत/टटीरी, भारत की वीर सेना के अद्वितीय शौर्य और बलिदान को समर्पित एक गौरवमयी पहल में, आर्य समाज और आर्य वीर दल, टटीरी ने संयुक्त रूप से गुरुवार को एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय सेना के प्रति सम्मान प्रकट करना और देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुँचाना था।

यात्रा का नेतृत्व आर्य समाज, टटीरी के प्रधान सतीश आर्य ने किया, जो दोपहर लगभग 2 बजे आर्य समाज मन्दिर प्रांगण से आरंभ हुई। यात्रा में युवाओं, गणमान्य नागरिकों, विद्यार्थियों और क्षेत्रीय लोगों का भारी उत्साह देखने को मिला। हाथों में तिरंगा लिए प्रतिभागियों के चेहरों पर देशभक्ति का ओज साफ झलक रहा था। गगनभेदी नारों भारत माता की जयꠂ, वंदे मातरम्, और ꠂजय हिंद की सेना! से टटीरी कस्बा गूंज उठा।

यात्रा कस्बे के मुख्य मार्गों, मैन बाजार और मंडी क्षेत्र से होकर पुनः आर्य समाज मन्दिर पर समाप्त हुई। जगह-जगह आमजन ने पुष्पवर्षा और जल वितरण कर यात्रा का अभिनंदन किया। इस अवसर पर आर्य समाज के पूर्व प्रधान सुरेश जिंदल, मंत्री रवि आर्य, आर्य वीर दल के जिला मंत्री आर्य भूषण, मनीष जिंदल, राकेश आर्य, तन्नू (उप प्रधान), सुनील आर्य, संदीप आर्य, शशि आर्य, प्रमोद आर्य, मास्टर महावीर, मास्टर प्रवीण कश्यप, और अमित आर्य सहित कई सम्मानित नागरिक व आर्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि भारतीय सेना केवल सीमा पर ही नहीं, हर आपदा और संकट में राष्ट्र की रक्षा करती है। उनका सम्मान करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। आर्य समाज की यह परंपरा रही है कि वह राष्ट्र सेवा, समाज सुधार और देशभक्ति के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने राष्ट्रगान गाकर और ह्यवंदे मातरम् का सामूहिक उद्घोष करते हुए इस आयोजन को पूर्ण किया। तिरंगा यात्रा न केवल एक सांकेतिक कार्यक्रम थी, बल्कि यह भावी पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और सेवा भावना के बीज बोने का एक प्रेरक प्रयास भी सिद्ध हुआ।

# कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित टिप्पणी से आहत हैं नारी शक्ति महिलाओं के साहस और स्वाभिमान पर भी प्रहार है एमपी मंत्री का बयान

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

मेरठ। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के ऑपरेशन सिंदूर का नेतृत्व कर रही कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह जहां न केवल पूरे विश्व को भारत की नारी शक्ति का परिचय दे रही थी वहीं ऐसे में मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी के धर्म को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी और उन्हें आतंकवादियों की बहन बताने से मेरठ ही नहीं बल्कि पूरे हिन्दुस्तान के नागरिकों का सिर शर्म से झुका दिया है। उनके इस बयान से एमपी हाईकोर्ट भी खफा हो गया और विजय शाह के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज हो गई है। सुप्रीम कोर्ट ने भी मंत्री की याचिका पर सुनवाई से इंकार कर दिया है। ऐसे विवादित बयान से मेरठ की नारी शक्ति भी आक्रोशित है। पेश है ह्लनेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो चीफ सचिन कुमार गुप्ता से बातचीत के अंश-

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ की इतिहास विभाग की प्रो0 आराधना गुप्ता का कहना है कि ऑपरेशन सिंदूर मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय बहादुर शाह द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की अगुवाई करने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में जो अमर्यादित भाषा प्रयोग की गई । वह निंदनीय है । जिम्मेदार पद पर रहते हुए , सार्वजनिक कार्यक्रम में यह ध्यान अवश्य ही रखना चाहिए था कि कर्नल सोफिया ने बेटी होकर भी देश के प्रति अपना फर्ज निभाया। यह किसी के व्यक्तिगत धर्म या हिंदू - मुसलमान का विषय नहीं , वरन् सोफिया की देश के प्रति जिम्मेदारी है जिसे उन्होंने बखूबी अंजाम दिया । भारत में ह्ययत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते , रमन्ते तत्र देवताह्नह्न कहा जाता है । ऐसे में मंत्री का यह बयान न केवल बेतुका व अशोभनीय है। वरन् महिलाओं के साहस और स्वाभिमान पर भी प्रहार है ।

वार्ड 80 से पार्षद महसर गुड्डू अंसारी का कहना है कि ऐसे हालात में जब सारे राजनीतिक दल देश के मुद्दे पर एक सुर में सरकार के साथ खड़े हो गए है, सारे जाति धर्म के लोग सेना का मनोबल बढ़ा रहे है। देशभक्ति की भावना का पूरे देश



में प्रदर्शन हो रहा है, ऐसे में भाजपा की ही सरकार के मंत्री का बयान बहुत ही शर्मनाक है, निंदनीय है जिसका संज्ञान माननीय हाइकोर्ट ने भी लिया। भाजपा को चाहिए अपने मंत्री को बर्खास्त करें।

सीसीएस यूनिवर्सिटी में मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर अल्पना अग्रवाल कहती हैं कि कर्नल सोफिया कुरेशी ने हमारे देश के लिए ऑपरेशन सिन्दूर में मीडिया के माध्यम से अपनी बात को रखा है ऐसे में उनके काम की प्रशंसा करने की बजाय अगर उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पनी की जाती है तो यह वास्तव में बहुत खेद की बात है। सशस्त्र बल शायद इस देश में आखिरी संस्थान है जो ईमानदारी, अनुशासन, बलिदान और अदम्य साहस को दशार्ता है। कर्नल सोफिया ऑपरेशन सिन्दूर को लेकर भारत के पक्ष को मीडिया के माध्यम से सारी दुनिया में रखने वाली टीम का हिसा थी और बहुत ही साहस से उन्हें अपने काम को पूरा करना है। अतः हमारा यह फर्ज बनता है कि हम उनकी प्रशंसा करें ना कि उनके बारे में अशोभनीय टिप्पणी करें।

नोबल कॉलेज मेरठ में समाजशास्त्र विभाग की प्रो0 रितिका चौधरी कर्नल सोफिया कुरैशी मेहनत और लगन पर गर्व करते हुए कहती हैं कि देश की बेटी ने देश में एक अलग पहचान बनाई है। उनकी उपलब्धियों पर हमें गर्व होना चाहिए, न कि उनके प्रति अशोभनीय टिप्पणियाँ करनी चाहिए थी । सोफिया जैसी बेटियाँ हमारे देश की शान हैं और हमें उनकी उपलब्धियों का सम्मान करना चाहिए। कर्नल सोफिया कुरैशी की कहानी हर भारतीय बेटी को प्रेरित करती है कि हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें और अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रयासरत रहें। हमें उनकी उपलब्धियों का सम्मान करना चाहिए और सोफिया देश की बेटी है जिसके लिए धर्म से पहले देश है आज देश में हर बेटी सोफिया बनना चाहती है और देश सेवा करना चाहती है !

समाजवादी पार्टी की नेत्री नेहा गौड का कहना है कि देश की बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी जिन्होंने आपरेशन सिन्दूर को सफल करकर सेना के साथ साथ सम्पूर्ण देश की महिलाओं को गोरनवित किया .. भारतीय जनता पार्टी के ऐसे मंत्री को तत्काल पद से मुक्त किया जाए ऐसे मंत्री को देशद्रोही का मुकाम दिया जाए।। सोफिया कुरैशी जी के साथ समस्त देश की महिलाओं को गर्व है।

राष्ट्रीय मानव एकता संस्था की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी सिंह मसीह का कहना है कि देश का गौरव, बहादुर सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरेशी को पाकिस्तानियों और आतंकवादियों की बहन बताना ना सिर्फ भारतीय सेना का अपमान है बल्कि उन सभी बेटियों का व भारतीय सेना जिन पर देश को नाज है उनका भी अपमान है । देश की जिस बेटी ने भारत पाकिस्तान के युद्ध में अपनी जान पर खेलकर पाकिस्तानी सेना को ईंट का जवाब पत्थर से देने का काम किया और हमारे भारत देश की शान और गौरव को बढ़ाया ऐसी भारत देश की बेटी के लिए मंत्री के द्वारा इतनी अभद्र और गलत टिप्पणी करना बेहद शर्मनाक और निन्दनीय है। हम इसकी घोर निन्दा और विरोध करते हैं। हम भारत सरकार से मांग करते हैं कि मंत्री विजय शाह को तत्काल प्रभाव से पार्टी के सभी पदभार से बर्खास्त किया जाए और उन पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाए । इस बयान से हर देशभक्त को ठेस पहुंची है जिसे कोई भी भारतीय बर्दाश्त नहीं करेगा ।

# संपादकीय

## पाक के हक में अरुणाचल की चाल

ऐसे वक्त में जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ल के जरिये पाक को सबक सिखाया है, चीन प्रत्यक्ष व परोक्ष तौर पर पाकिस्तान का समर्थन करता नजर आ रहा है। चीन-पाक की दुरभिसंधि दशकों पुरानी है लेकिन उसकी हालिया करतूतों की टाइमिंग को लेकर सवाल उठ रहे हैं। वह न केवल पाकिस्तान की सैन्य व आर्थिक मदद ही कर रहा है बल्कि चीनी सरकारी मीडिया भी कुप्रचार व भ्रामक समाचार फैलाने में पाक के साथ खड़ा नजर आ रहा है। अब उसने अपनी नई करतूत अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलकर उजागर की है। हालांकि, ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। लगातार तीसरे साल चीन ने भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदला है। चीन अरुणाचल को जांगनान के नाम से दशार्ता है। वहीं इसे तिब्बत के दक्षिणी हिस्से के रूप में होने का दावा करता है। जैसा कि उम्मीद भी थी, भारत सरकार ने चीन के इन बेतुके दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। नई दिल्ली ने बीजिंग के इस बेतुके-निराधार दावे को सिरे से नकार दिया है। भारत सरकार ने फिर से दोहराया है कि ह्यअरुणाचल भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था और हमेशा रहेगा।ह्ल दरअसल, चिंता की बात यह है कि चीन ने यह करतूत ऐसे समय में की है जब पहलगाम हमले और उसके जवाब में सफल ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ल के चलते भारत-पाक के बीच तनाव कायम है। निश्चय ही इन स्थितियों में चीन का यह भड़काऊ कदम है। यहां उल्लेखनीय है कि भारतीय उपमहाद्वीप में हाल ही में हुई उथल-पुथल के दौरान पाकिस्तान को उसके सदाबहार दोस्त बीजिंग का भरपूर समर्थन मिला है। जिससे पता चलता है कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत से दोस्ती का हाथ बढ़ाने तथा व्यापार-कारोबार बढ़ाने की बात करने वाला चीन भारत के प्रति कैसी दुर्भावना रखता है। भले ही वह वैश्विक संगठनों व मंचों पर भारत के साथ खड़ा होने का दावा करता हो। निस्संदेह, ऐसी घटनाएं हमें सतर्क करती हैं कि चीन के साथ मैत्री संबंधों के निर्धारण के दौरान हमें सजग व सचेत रहना चाहिए। अन्यथा चीन पीठ पर वार करने से नहीं चूकने वाला है। बीते वर्ष विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने व्यंग्यात्मक लहजे में एक सवाल पूछा था, ह्यअगर आज मैं आपके घर का नाम बदल दूं तो क्या वो मेरा हो जाएगा?ह्ल लेकिन निर्विवाद रूप से चीन ने विदेश मंत्री के इस संदेश को नजरअंदाज ही किया है। इतना ही नहीं वह फिर से भौगोलिक क्षेत्रों के नामों के मनमाने मानकीकरण के साथ आगे बढ़ गया है। लेकिन सवाल इस करतूत के समय का है। जाहिर बात है कि बीजिंग ने ऐसा न केवल चुनौतीपूर्ण समय में भारत का ध्यान भटकाने के लिये किया है, बल्कि पाकिस्तान के साथ एकजुटता दिखाने के लिये भी किया है। उस पाकिस्तान को, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कड़ी चेतावनी दी थी। प्रधानमंत्री ने सिर्फ और सिर्फ पाकिस्तान द्वारा कब्जाए कश्मीर पर ही बातचीत करने की बात कही थी। ऐसे में चीन ने अरुणाचल पर अपने क्षेत्रीय दावे से फिर से पाकिस्तान का मनोबल बढ़ाने का कुत्सित प्रयास किया। यह जानते हुए भी उसके दावे निराधार हैं। वहीं दूसरी ओर मोदी सरकार ने चीन के सरकारी मीडिया, खासकर ग्लोबल टाइम्स द्वारा कथित तौर पर फैलाए जा रहे पाकिस्तानी दुष्प्रचार के मामले को गंभीरता ले लिया है। गत सात मई को, चीन स्थित भारतीय दूतावास ने ग्लोबल टाइम्स को इस बात के लिये फटकार लगायी थी कि उसने तथ्यों और स्रोतों को पुष्टि किए बिना पाकिस्तान की सेना द्वारा भारतीय लड़ाकू विमान को मार गिराए जाने की रिपोर्ट दी थी। दिल्ली ने बुधवार को भारत में चीनी मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स के एक्स-अकाउंट हैंडल को कुछ घंटों के लिये ब्लॉक कर दिया था। निस्संदेह, चीनी शरारतें उनके नेताओं के भारत के प्रति हाल के प्रयासों के विपरीत हैं। ऐसे में चीनी विदेश मंत्री वांग यी द्वारा परिकल्पित ड्रैगन और हाथी के बीच दोस्ती का प्रपंच तब तक एक दूर का सपना ही रहेगा, जब तक कि चीन पाकिस्तान को बचाने के प्रयासों में लगा रहेगा।

# चौधरी चरण सिंह और बड़ौत का अटूट नाता मैं बागपत हूँ

मैं बागपत हूँ मेरी मिट्टी में इतिहास बोलता है,
मेरी हवा में उम्मीद बहती है,
और मेरी धड़कनों में चौधरी चरण सिंह जैसे बेटों की गूंज सुनाई देती है।₹

(खंड 1 से 4 की यात्रा) खंड 1 में जब हमने बरनावा की गुफाओं को टटोला था, तो जाना कि मेरी धरती सिर्फ खेत नहीं, ज्ञान की गहराइयों का भी भंडार है।

खंड 2 में सिनौली की खुदाई ने साबित किया कि मैं हजारों साल पुरानी सभ्यता की साक्षी रही हूँ जहाँ रथ थे, योद्धा थे, और संस्कृति थी।

खंड 3 में अमीनगर सराय की गलियों से इतिहास की स्याही टपकी थी जहाँ सेगिन सिपाही और विद्रोह की कहानियाँ हर ईंट पर दर्ज थीं।

खंड 4 में माया त्यागी कांड ने मेरा सीना छलनी कर दिया जब मेरी एक बेटी के साथ अन्याय हुआ, और ओमवीर शिकोहपुर जैसे सपूतों ने न्याय की मशाल थामी। पर आज, खंड 5 में मैं बात कर रही हूँ उस बेटे की, जिसने सिर्फ बड़ौत नहीं, पूरे भारत का मस्तक ऊँचा किया।

जिसने मुझे सिर्फ एक ज़िला नहीं, गौरव बना दिया। वो बेटा जो चौधरी था, और फिर भी चरण में था उ1902 में नूरपुर गांव की धूप में जब एक मां ने एक बेटे को जन्म दिया, तब न किसी ने शंख फूंका, न नगाड़े बजे।

पर मेरी मिट्टी ने तब जाना ये कोई साधारण बालक नहीं, ये मेरी कोख से निकला स्वाभिमान है।एउसने भूख देखी थी झोपड़ी में, खेत की मेड पर, मां की आंखों में। उसने संघर्ष सीखा था बैलों के साथ हल जोतते हुए, मिट्टी में पैर धँसाते हुए। और फिर... किताबों के पन्नों में उसने सीखा कि न्याय सिर्फ अदालत में नहीं, जमीन पर भी मिलना चाहिए। बड़ौतः मेरी गोद, उसका प्रण जब चरण पहली बार बड़ौत की गलियों में आया, तो न कोई जुलूस था, न कोई प्रचार। बस कुछ किसान थे जो उसकी आंखों में अपने



भविष्य की परछाई देख रहे थे।

यह बड़ौत उसकी राजनीति की प्रयोगशाला थी जहाँ उसने भाषण नहीं, संवेदनाएँ सीखी थीं।

जहाँ वह नेता नहीं, एक बेटा बनकर आया था‸

जो बूढ़े बाबा की खाट पर बैठता, बहू के हाथ की रोटी खाता, और बच्चों के साथ खेलता था।

प्रधानमंत्री? नहीं मेरी उम्मीद का प्रतीक!

1979 में जब उसने प्रधानमंत्री की शपथ ली, तो दिल्ली में लोग बोले ₹देश को किसान नेता मिला!

पर मैंने कहा मेरा बेटा सिर पर सेहरा पहनकर लौटा है, अब दिल्ली भी जान गई कि मां कौन है! वो जब संसद में बोलता था, तो जैसे बड़ौत की चौपाल से आवाज उठती थी। जब उसने जमींदारी प्रथा को खत्म किया, तो जैसे मेरी मिट्टी की सदियों पुरानी बेड़ियाँ टूटीं। आज भी उसकी परछाईं जिंदा है बड़ौत में आज भी उसकी खुशबू बहती है चौधरी चरण सिंह कॉलेज के हर कमरे में, उस प्रतिमा की हर रेखा में, हर किसान की आंखों में जो हल उठाता है।

उसके बेटे अजीत सिंह, फिर पोते जयंत चौधरी वे लोग नहीं, विश्वास हैं। यह विश्वास है कि अगर नूरपुर के बेटे प्रधानमंत्री बन सकते हैं, तो बड़ौत की हर झोपड़ी से रोशनी उठ सकती हैमैं बागपत हूँ और चरण मेरा सबसे सुंदर सपना था

मैंने बहुत देखे साहूकार, अफसर, मंत्री... पर चरण जैसा बेटा सिर्फ एक ही बार देखा। वो जब आता था तो बड़ौत की मिट्टी खुद नहाकर संवरती थी। गांव की लड़कियाँ कहतीं ₹देखो मां, वो आया है जो हमारी जैसी बेटियों को भी बोलने का हक दिलाता है। वो जब बड़ौत से चुनाव लड़ता, तो लोग वोट नहीं, आशीर्वाद देते थे।

और जब हारता... तो भी उसकी आंखों में कोई शिकवा नहीं होता क्योंकि उसे कुर्सी से ज्यादा मेरी इज्जत प्यारी थी। अंतिम शब्द नहीं, शुरूआत का वचन ₹मैं बागपत हूँ और मैं कभी बूढ़ा नहीं होता। क्योंकि मेरे बच्चों में आज भी चरण जैसी सोच है, और मेरी मिट्टी में आज भी वो पैर महसूस होते हैं, जो खेत की मेड़ों पर चलकर संसद के गलियारों में गूंजे थे।जब तक मेरे खेतों में हल चलेगा, जब तक मेरे गांवों में भूख के खिलाफ आवाज उठेगी, जब तक मेरे बेटे सपने देखेंगे चौधरी चरण सिंह अमर रहेंगे

## मध्यप्रदेश बैतूल पूर्व विधायक सज्जन सिंह की 63वीं जन्म जयंती पर ब्लाइंड स्कूल में वितरित किए फल

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

बैतूल। दिवंगत पूर्व विधायक सज्जन सिंह की 63वीं जन्म जयंती के अवसर पर पाढर के ब्लाइंड स्कूल में फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक के सुपुत्र भूपेंद्र सज्जन सिंह ने बच्चों को फल वितरित किए और उन्हें स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दीं।

भूपेंद्र सज्जन सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि उनके पिता ने हमेशा समाज सेवा और गरीबों के कल्याण को प्राथमिकता दी। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान आदर्श मालवीय, आशीष शुक्ला, प्रतीक रघुवंशी, भूपेश श्रीवास्तव, डोमा यादव, दीपांशु साहू, रमेश चांदसुरी, बिट्टू नामदेव, ऋषभ मालवी, और अखिलेश नामदेव उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत विधायक की स्मृति में उनकी सेवाओं और समाज के प्रति योगदान को याद किया। कार्यक्रम का आयोजन ब्लाइंड स्कूल परिसर में किया गया, जहां बच्चों ने भी इस अवसर पर खुशी और उत्साह से भाग लिया। फल वितरण के साथ ही दिवंगत विधायक के जीवन पर भी संक्षिप्त चर्चा की गई, जिसमें उनके त्याग, सेवा और समाज के प्रति समर्पण को याद किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने दिवंगत विधायक के आदर्शों का अनुसरण करने और समाज सेवा में योगदान देने का संकल्प लिया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीज से हो रहा खिलवाड़

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

बाराबंकी। विकासखंड मसौली क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव में मरीजों की सेहत से खिलवाड़ हो रहा है। केंद्र में कई जगहों पर डॉक्टर मौजूद नहीं मिले । मौसम में बदलाव के कारण मरीजों की संख्या बढ़ गई है। मरीजों का इलाज मेडिकल के प्रशिक्षु छात्र कर रहे हैं। डॉक्टर मरीजों को बाहर की दवाएं और जांच लिख रहे हैं। इससे मरीजों को अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है। रहरा मऊ गांव के एक मरीज इस्लाम ने बताया कि वह सुबह 10 बजे अपनी पत्नी को लेकर केंद्र आए थे। दोपहर 12 बजे तक उन्हें दवाई नहीं मिली। उन्हें भी बाहर से दवाई खरीदने को कहा गया। स्वास्थ्य केंद्र के बाहर कई मेडिकल स्टोर और डायग्नोस्टिक सेंटर खुले हैं। सूत्रों के अनुसार, बाहर की दवाएं लिखने पर



डॉक्टरों को कमीशन मिलता है। हाल ही में त्रिवेदीगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक प्रशिक्षु छात्र द्वारा गलत इंजेक्शन लगाने से एक छात्रा आयुषी 22 की मौत हो गई थी।

स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक संजीव कुमार का कहना है कि अस्पताल में सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। गर्मी के कारण मरीजों की संख्या अधिक होने से उन्हें प्रतीक्षा करनी पड़ रही है।

## अमरोहा में शहर भर में निकली तिरंगा यात्रा:पालिका अध्यक्ष समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए, बलिदानियों को किया नमन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा**

अमरोहा नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष शशि जैन के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा भारतीय सेना के सम्मान और राष्ट्रप्रेम को समर्पित थी। यात्रा में नगरवासी, स्कूली बच्चे, समाजसेवी और पालिका कर्मी शामिल हुए।सभी ने हाथों में



तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाए। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। पालिका अध्यक्ष शशि जैन ने कहा कि यह यात्रा सेना के शौर्य और बलिदान को नमन करने का प्रयास है।

पुलिस बल की रही तैनाती- उन्होंने लोगों से देशहित और स्वच्छता के लिए साथ मिलकर काम करने की अपील की। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा। यात्रा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इस दौरान पूरे नगर में देशभक्ति का माहौल रहा।

## प्रत्येक सनातनी के पास एक शस्त्र और एक शास्त्र की जरूरत - अश्वनी चौबे

बाराबंकी। भारत सरकार के पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अश्वनी चौबे का बाराबंकी आगमन पर शहावपुर टोल प्लाजा के पास वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी सौरभ द्विवेदी ने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात पूर्व मंत्री के निज आवास लखपेड़ाबाग पहुंचकर उनका कुशल क्षेम जाना और बैठक आहूति की। बैठक में पूर्व मंत्री ने पटना जिला बिहार में एक विशाल सनातन परशुराम महाकुम्भ की होने वाली रैली के बारे में बताया कि हर सनातनी के यहाँ एक शस्त्र और एक शास्त्र होना जरूरी है। उन्होने भारत पाकिस्तान के युद्ध के बारे में बताया कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान को मुँह तोड़ जवाब दिया है। ऑपरेशन सिन्दूर जारी है, अगर पाकिस्तान ने कोई भी हिमाकत की तो उसकी नस्ले याद रखेगी। सौरभ द्विवेदी ने बैठक में उपस्थित लोगों से आवाहन किया कि आगामी 26 जून को पटना में होने वाली सनातन समागम एवं श्री भगवान परशुराम की जयंती पर होने वाले महाकुम्भ में ज्यादा से ज्यादा संख्या में जनपदवासी शामिल होकर सनातन गौरव के भागीदार बने। उन्होंने बैठक में आये सभी लोगों को धन्यवाद दिया। उपस्थित लोगो में मुख्य रूप से बीनू शुक्ला, अमरनाथ मिश्रा, मोनू त्रिवेदी, प्रशान्त पाण्डेय, सचिन मिश्रा, शिवम शुक्ला, हिमांशू दीक्षित, सूर्यभान तिवारी, रानू वर्मा, भोलू मिश्रा, काजिम, अश्वनी दूबे, करन मिश्रा आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## वन मंत्री ने लिया मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं का जायजा कार्यक्रम स्थलों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की तैयारी कर पूर्ण करने के दिए निर्देश



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरों**

अलवर 15 मई। पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने आज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 19 मई को अलवर के सरस डेयरी मैदान में किसान सम्मेलन एवं मोती डूंगरी स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा के अनावरण के प्रस्तावित कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए सभा स्थल एवं कार्यक्रम स्थल की तैयारियों का जायजा लिया।

वन राज्यमंत्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि दोनों कार्यक्रम स्थलों पर ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए छाया, पेयजल, बैठक व्यवस्था, बेरिकेटिंग आदि सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की कार्यक्रम से पूर्व ही तैयारी कर पूर्ण लेवे। साथ ही सुनिश्चित करें कि सभा स्थल की समुचित साफ-सफाई व्यवस्था रहे तथा कार्यक्रम स्थल के पास पर्याप्त पेयजल व्यवस्था, मेडिकल टीम, चल शौचालयों आदि की माकूल व्यवस्था रहे। उन्होंने निर्देश दिये कि कार्यक्रम स्थल पर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था रहे तथा यातायात प्रभावित ना हो इसको दृष्टिगत रखते हुए उचित स्थान पर पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके पश्चात मंत्री श्री शर्मा ने सर्किट हाउस में अपने प्रतिदिन पौधा लगाने के संकल्प के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## मध्यप्रदेश बैतूल चोरी का खुलासा नहीं होने पर पीड़ित ने एसपी से की शिकायत

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

बैतूल। दामजीपुरा के एक मकान से लाखों रुपये की नगदी और गहनों की चोरी होने के बाद भी 10 दिनों तक पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित इलियास खान पिता इस्माइल खान ने एसपी से शिकायत की है। उन्होंने बताया कि 5 मई की रात अज्ञात चोर उनके मकान में घुसकर गहने और नगदी के साथ पड़ोसियों एवं घर आए मेहमानों के मोबाइल भी चुरा ले गए। इस घटना की रिपोर्ट थाना मोहदा में दर्ज कराई गई थी, जिसमें सीसीटीवी फुटेज में चार चोर स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। इसके बावजूद अब तक पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।



इलियास खान ने बताया कि उन्होंने चोरी का वीडियो और सीसीटीवी फुटेज थाना मोहदा में उपलब्ध कराया था, लेकिन 10 दिनों बाद भी कोई सुराग नहीं मिला है। उनका कहना है कि पिछले 10 वर्षों में दामजीपुरा क्षेत्र में हुई कई चोरी की घटनाओं का भी मोहदा पुलिस द्वारा आज तक कोई खुलासा नहीं किया गया है, जिससे क्षेत्र के लोगों में पुलिस के प्रति नकारात्मक छवि बन रही है।

इलियास खान ने एसपी से निवेदन किया है कि उचित कार्रवाई कर चोरी गया सामान, नगदी और मोबाइल वापस दिलवाए जाएं।

## सिवाना गांव मे पेयजल की किल्लत महिलाओं ने जिला कलेक्टर से लगाई गुहार



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरों**

खैरथल -तिजारा :खैरथल के सिवाना गांव की महिलाओं ने जिला कलेक्टर किशोर कुमार को गांव में पेयजल संकट से अवगत कराया महिलाओं ने बताया कि गांव में जेजेएम के तहत लगाए गए तीन बोरवेल का पानी दबंग लोग खेतों में इस्तेमाल कर रहे हैं।

महिलाओं ने जेजेएम योजना में बड़ी अनियमितताओं का आरोप लगाया है। कई घरों में कनेक्शन नहीं दिए गए। जहां कनेक्शन हैं, वहां पानी नहीं पहुंच रहा है। ग्रामीण पिछले तीन साल से दूर-दराज के इलाकों से पानी लाने को मजबूर हैं।

महिलाओं ने कहा कि वे पहले भी कई बार जनसुनवाई में आ चुकी हैं। लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करेंगी।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने अंतर्जनपदीय स्थानांतरण पर चर्चा कर बनाई रणनीति

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो

फखरपुर, बहराइच। विकास खण्ड फखरपुर के रामलीला मैदान में बुधवार की शाम को शिक्षकों ने आपस में बैठक आयोजित की। जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ फखरपुर के उपाध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने किया। प्रदीप ने कहा कि हम शिक्षकों को दस वर्ष होने को है लेकिन अभी तक गृह जनपद में स्थानांतरण नही हो पाया है। सरकार और विभागीय अधिकारियों से मांग है कि सीनियरिटी बेस पर अंतर्जनपदीय स्थानांतरण किया जाए। शिक्षक विपिन सिंह ने कहा कि घर से दूर होने के कारण पारिवारिक उत्तरदायित्व का निर्वहन नहीं हो पा रहा है। सामान्य अंतर्जनपदीय स्थानांतरण हेतु जल्द ही बीएसए के माध्यम से महानिदेशक को ज्ञापन दिया जाएगा। बैठक में कपिल पाण्डेय, रामेन्द्र पाण्डेय, अभिषेक मिश्रा, विपिन सिंह, रवि सिंह, प्रवीण वाजपेई, योगेश कुमार, उमाशंकर यादव, शिवांशु सिंह, दिनेश बघेल, सूर्यप्रताप आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यालय पर भारत शौर्य तिरंगा यात्रा की रुपरेखा के संबंध में आयोजित की गई बैठक

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद।भारतीय जनता पार्टी महानगर के तत्वाधान में भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देश एवं भारतीय सैनिकों द्वारा दिखाए गए बहादुरी एवं पराक्रम के सम्मान में भारत शौर्य तिरंगा यात्रा की तैयारियों के सम्बन्ध एक बैठक का आयोजन महानगर कार्यालय बुद्धिविहार पर किया गया ।

जिसमे महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला शामिल रहे।बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला एवं संचालन विशाल त्यागी ने किया महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद हमारे देश की सेना के शौर्य को सलामी देने के लिए भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन



किया जाना है ।

जैसा कि आप सभी जानते है हमारे सैनिकों,जवानों ने जिस तरह से पाकिस्तान की बेशर्मी एवं उसके आतंकवाद के विरोध में पाकिस्तान के घर में घुस कर जो उसे मारा है हम सभी भारतीयों के लिए यह गर्व का विषय है हम भारतीय सैनिकों जवानों के द्वारा दिखाए गए पराक्रम एवं शौर्य एवं देश की सीमाओं पर डटे सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा का आयोजन कर रहे हैं जिससे हमारे देश के वीर जवानों सैनिक का उत्साहवर्धन होगा तिरंगा यात्रा के द्वारा हम सभी भारतीयों सैनिकों का स्वागत एवं अभिनंदन करेंगे।

बैठक में महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला महामंत्री नत्थू राम कश्यप कमल गुलाटी ब्लॉक प्रमुख संतोष सिंह विशाल त्यागी अभिषेक चौबे धर्मेश सैनी सुरेंद बिश्नोई राजेश रस्तोगी महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता राहुल शर्मा नवदीप टंडन हेमराज सैनी दिनेश सिसोदिया शम्मी भटनागर सर्वेश पटेल गेत्रपाल सिंह शशी किरण विजय लक्ष्मी पंडित पूनम सैनी शीतल चौहान दीक्षांत चौधरी किशन सिंह जाटव संजीव चौहान अश्विनी शर्मा प्रदीप सक्सैना मिथुन शर्मा सोमपाल प्रजापति कपिल गुप्ता विशाल रस्तौगी सूर्य मोहन शमशेरी मुंशीराम कश्यप अमित शर्मा संजीव चौधरी बाल्मीकि रविन्द्र गौतम सिद्धांत भारती योगेश अरोरा योगेंद्र रस्तौगी राजेश गुप्ता कपिल देव नीरज कुमार हरिओम सैनी सौरभ सक्सैना बंटी सैनी सुमित चौहान रमेश सैनी तुषार कुमार विनोद शर्मा विनय राजोरिया विक्की कुमार गुड्डू शर्मा सागर सक्सैना चंद्रभान सिंह आदि शामिल रहे।

# विधायक वोट मांगने आयेंगे तो होगा तिरस्कार, व्यापारी मंडी समिति

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

मुरादाबाद। मंडी समिति मझोला में जिन लोगों ने लाइसेंस लेकर करोड़ों रुपए की जमीन पर कब्जा जमा रखा था, उनके खिलाफ मंडी में कड़ी कार्रवाई आज की गई और बुलडोजर से उनके अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया।



यहां बता दे कि मझोला नवीन मंडी परिषद में करीब 550 लाइसेंस धारी ने अवैध रूप से मंडी की जमीन पर कब्जा कर रखा है जिन्हें खाली करने के लिए कई बार मंडी की ओर से समय दिया गया। नोटिस दिया गया और चेतावनी दी गई। मगर मंडी के लाइसेंसधारी कभी विधायक को, कभी बीजेपी के दूसरे नेता को लेकर आ जाते थे जिससे प्रशासनिक अधिकारी कार्रवाई नहीं कर पाते थे और वह बुलडोजर लेकर चले जाते थे।

बुलडोजर से हटाएगी और हटाने में आने वाले खर्च को भी वसूल करेगी

बहरहाल बीते दिवस नवीन मंडी की सभापति ने एक बार अवैध कब्जेधारियों को अल्टीमेटम दिया कि बृहस्पतिवार को जमीनों को कब्जामुक्त कराया जाएगा, जो लोग जमीन से अतिक्रमण स्वयं नहीं हटाते हैं, उनका अतिक्रमण मंडी समिति बुलडोजर से हटाएगी और हटाने में आने वाले खर्च को भी वसूल करेगी। इस सिलसिले में आज मंडी सभापति ने पूरी तैयारी के साथ मंडी परिषद पहुंची और मंडी के दोनों गेटों को बंद करवा दिया। इसके बाद बुलडोजर से अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई शुरू की । लगभग दो दर्जन से अधिक दुकानदारों के खिलाफ समाचार लिखे जाने तक करवाई की जा चुकी है।

कुछ व्यापारियों का कहना है कि विधायक ने वादा किया था कि अब कोई कार्रवाई नहीं होगी। आज प्रशासन द्वारा तीन घंटे से दुकानों को जमींजोद करने की कार्रवाई की जा रही है। विधायक को फोन किया गया लेकिन उन्होंने अपना फोन बंद कर रखा है। अब अगर वो वोट मांगने आयेंगे तो उनका तिरस्कार किया जाएगा।

# युवती को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में चार पर मुकदमा दर्ज

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

शाहबाद । थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने थाने पर तहरीर देकर अपनी बीस वर्षीय बहन को गांव के ही युवक रूपेश व मोनू, राजीव और विजय के द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है।युवक का आरोप है कि मंगलवार रात गांव का रूपेश और मोनू उसकी बहन को बहला फुसलाकर अपने साथ के गया। जिसमें राजीव और विजय ने उनका सहयोग किया। पुलिस ने युवक की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी। कोतवाल पंकज पंत ने बताया कि युवती के भाई की तरफ से चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस जल्द ही युवती को बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार करेगी।

# पूर्व सभासद पर लगाया मारपीट का आरोप

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

रामपुर शाहबाद। नगर के मोहल्ला हकीमान की रहने वाली पार्वती ने पूर्व सभासद पर मारपीट करने के मामले में पुलिस में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। नगर की रहने वाली तारावती का आरोप है कि देर रात्रि को पड़ोस के रहने वाले पूर्व सभासद ने बिना बात के मेरे बेटे व मुझे गाली गलौज करते हुए मारपीट की, जिसमें चोटें भी आई है। तारावती अपने पुत्र को लेकर कोतवाली पहुंची और पूर्व सभासद के खिलाफ शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर घायल को मेडिकल के लिए सीएचसी शाहबाद भेजा। डॉक्टर ने घायल को प्राथमिक उपचार देकर वापस भेज दिया।

# रिश्वतखोर चकबन्दी को किया गया निलंबित

बरेली। चकबंदी विभाग में रिश्वतखोरी का मकड़जाल ऐसा फैला है कि एक के बाद एक रिश्वत लेते हुए अधिकारी पकड़े जा रहे हैं। पिछले माह सहायक चकबंदी अधिकारी भूरे सिंह के कहने पर 25 हजार रुपये की घूस लेते हुए चकबंदी लेखपाल महावीर सिंह पकड़ा गया था। इस प्रकरण में चकबंदी आयुक्त ने भ्रष्टाचार केस में नामजद एफआईआर होने के बाद सहायक चकबंदी अधिकारी भूरे सिंह को निलंबित कर दिया है। भूरे सिंह को जिला बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी कार्यालय से संबद्ध किया गया है। इधर, बुधवार को रिश्वत लेते गिरफ्तार सहायक चकबंदी अधिकारी महेश सिंह के विरुद्ध कार्रवाई और विभागीय जांच कराने के लिए चकबंदी आयुक्त को रिपोर्ट भेज दी गई है। वहीं, विगत दिवस 25 हजार की रिश्वत लेते हुए पकड़े गए सहायक चकबंदी अधिकारी महेश सिंह के विरुद्ध भी शासन स्तर से निलंबन की कार्रवाई की गई है। इस मामले में रिपोर्ट चकबंदी आयुक्त को रिपोर्ट भेज दी गई है। सहायक चकबंदी अधिकारी और एक लेखपाल पकड़े गए जा चुके हैं, जबकि चकबंदी को लेकर चकबंदी आयुक्त से लेकर जिलाधिकारी, जिला बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी लगातार बैठकें कर अधिकारियों को गड़बड़ी न करने की हिदायत दे रहे हैं, लेकिन अधिकारी रिश्वत लेने से बाज नहीं आ रहे हैं।

# सफाई कर्मचारी की हृदय गति रूकने से मौत



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

शाहबाद। गुरुवार को विकास खण्ड शाहबाद की ग्राम पंचायत धनौरा में तैनात सफाई कर्मचारी करतार सिंह का मंगलवार शाम 9:00 बजे अचानक तबीयत खराब होने पर देहांत हो गया इसकी खबर मिलने पर साथी कर्मचारियों में शौक लहर दौड़ गई,बुधवार 12:00 बजे अंतिम संस्कार राम गंगा नदी घाट सैफनी पर कर दिया गया। अंतिम संस्कार में सफाई कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष जाकिर हुसैन, प्रमोद कुमार, सुरेश पाल, रंजीत सिंह, अमित कुमार, प्रमोद कुमार, हरनाम सिंह,मटरु लाल आदि कर्मचारी और रिस्तेदार मौजूद रहे।

# शाहाबाद में सुरक्षा की दृष्टि सी ओ ने किया फ्लेग मार्च



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

रामपुर शाहबाद। शाहाबाद नगर में सुरक्षा को लेकर सी ओ हर्षिता सिंह ने थाना प्रभारी पंकज पंत के साथ नगर में फ्लैग मार्च किया थाने से लेकर मेन बाजार और रामपुर चौराहे से होते हुए बिलारी अड्डे से लेकर बजरंग चौक तक फ्लैग मार्च किया गया फ्लैग मार्च के दौरान लोगों को सुरक्षा की दृष्टि समझाया भी गया।

# भाकियू युवा जिला अध्यक्ष रंजीत यादव ने के नेतृत्व में किया गया शरबत वितरण

## संस्थापक स्वर्गीय चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 14वीं पुण्यतिथि पर रखा 2 मिनट का मौन



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

रामपुर शाहबाद ।बृहस्पतिवार को किसानों के मसीहा भारतीय किसान यूनियन टिकैत के संस्थापक स्वर्गीय बाबा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत जी की 14वीं पुण्यतिथि पर पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस शाहबाद में जल जंगल जमीन पर्यावरण बचाओ संकल्प दिवस के रूप में बाबा टिकैत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर 2 मिनट का मोन धारण किया गया और शरबत वितरण का आयोजन किया गयाइस दौरान मुख्य रूप से चौधरी सुनील कुमार सिंह प्रमुख सचिव पश्चिमी उत्तर प्रदेशरंजीत यादव युवा जिला अध्यक्ष रामपुर नरेंद्र सिंह यादव युवा जिला उपाध्यक्ष जोगिंदर सिंह युवा जिला सचिव चौधरी सुंदर पाल सिंह तहसील अध्यक्ष शाहाबाद खुशीराम यादव ब्लॉक अध्यक्ष शाहाबाद राजवीर यादव युवा ब्लॉक अध्यक्ष शाहाबाद नवनीत चौधरी युवा तहसील अध्यक्ष शाहाबाद अंसार सैफी ब्लॉक उपाध्यक्ष नावेद खान जिला सचिव वीर सिंह यादव शास्त्रीविजयपाल सिंह यादव तेजपाल सिंह लोधी रामस्वरूप मोरिया गुफरान खान विजयवीर सिंह राहुल यादव नावेद खान शीशपाल सिंह करीब खान किशन लाल दिवाकर प्रेम सिंह नवल किशोर हरकिशन मोरिया सुखदेव सागर रामपाल सिंह आकाश चौधरी सरताज खान अस्मत खान जगनंदन गुप्ता विक्रम सिंह अवधेश कमल सिंह लखविंदर सिंह एवं सभी सम्मानितपदाधिकारी एवं किसान साथीगढ़ उपस्थित रहे

# हीट स्ट्रोक का अलर्ट, बुजुर्गों और बच्चों को विशेष सावधानी की जरूरत



**नेशनल प्रेस टाइम, ब्यूरो**

बरेली। मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों हीट वेव (लू) का अलर्ट जारी किया है। शासन के निर्देश पर सरकारी अस्पतालों में हीट वेव वार्ड बनाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को तेज धूप में न निकलने की सलाह दी है। डॉक्टरों का कहना है कि यह मौसम सभी आयु वर्ग के लिए घातक है लेकिन बुजुर्गों और बच्चों का बचाव ज्यादा जरूरी है। 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान पर हीट स्ट्रोक का जोखिम बढ़ जाता है और इससे पूरे शरीर के कार्य प्रभावित हो सकते हैं। ऐसे में बच्चों को घर के बाहर खेलने के लिए भी न जाने दें और समय-समय पर तरल पदार्थ का सेवन अवश्य कराते रहें। फिजिशियन डॉ. हरपाल सिंह के अनुसार बुजुर्ग तापमान अधिक होने पर सुबह टहलने जाने से भी परहेज करें। पर्याप्त पानी पीयें और हल्के रंग के ढीले कपड़े पहनें और सिर को ढक कर रखें। हीट स्ट्रोक के लक्षण होने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह लें।

# बरेली में पहली बार महिला एसओजी का गठन, मार्शल आर्ट सीख रहीं 'लेडी कमांडो

**नेशनल प्रेस टाइम , ब्यूरो**

बरेली। जिले में महिला अपराधों की रोकथाम के लिए पहली बार महिला स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) का गठन किया गया है। पांच सदस्यीय यह टीम एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा के निर्देशन में अपने काम को अंजाम देगी। महिला एसओजी कमांडो की तरह काली वर्दी में रहेगी। यह टीम किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए सक्षम होगी। महिला सशक्तिकरण की मिसाल भी पेश करेगी।

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि महिला एसओजी के लिए 25 महिला आरक्षियों (सिपाहियों) ने आवेदन किया था। दक्षता के आधार पर पांच का चयन कर उनको पुलिस लाइन में विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। चयनित महिला सिपाहियों को आधुनिक हथियारों, मार्शल आर्ट, आत्मरक्षा, साइबर क्राइम विश्लेषण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नारकोटिक्स से संबंधित अपराधों की पहचान व कार्रवाई में दक्ष बनाया जा रहा है।

पांच महिला दरोगाओं ने भी किए आवदेन

महिला एसओजी की प्रभारी के लिए महिला उपनिरीक्षकों (दरोगा) के भी पांच आवेदन मिले हैं। महिला एसओजी की टीम खुफिया सूचना संग्रह, सीडीआर विश्लेषण और अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए प्रशिक्षित की जा रही है। अपराध में महिलाओं की संलिप्तता के मद्देनजर भी इस टीम का गठन किया गया है।

बता दें कि बीते दिनों जिले में मादक पदार्थों की तस्करी व गोकशी के कई ऐसे मामले सामने आए, जिनमें महिलाओं की संलिप्तता थी। ऐसे अपराधों की रोकथाम में इस टीम की अहम भूमिका होगी। बताया जा रहा है कि प्रशिक्षण पूरा होने के बाद महिला एसओजी टीम पूरी तरह सक्रिय हो जाएगी।

# स्वच्छ मुरादाबाद के लिए नया कदम शिकायतों का निस्तारण अब मोबाइल ऐप से

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

मुरादाबाद। नागरिकों को अब अपने आसपास की गंदगी, कूड़े-कचरे की सफाई न होने या अन्य स्वच्छता संबंधी समस्याओं के लिए नगर निगम कार्यालय या पार्षदों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। नगर निगम ने ₹स्वच्छता ऐप₹ की सुविधा शुरू की है, जिसके जरिए लोग घर बैठे ही अपनी समस्याएं दर्ज करा सकते हैं।

कैसे काम करेगा स्वच्छता ऐप-यदि आपके इलाके में गंदगी है, डस्टबिन नहीं उठाया जा रहा है या स्ट्रीट लाइट खराब है, तो आप केवल उस जगह की तस्वीर खींचकर स्वच्छता ऐप पर अपलोड कर सकते हैं। आपकी शिकायत सीधे इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर (क्ळउउ) को भेजी जाएगी। इसके बाद संबंधित कर्मचारी को 24 घंटे के भीतर समस्या का समाधान करना अनिवार्य होगा।

समस्या का समाधान न होने पर उस कर्मचारी पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, नागरिक समस्या के समाधान के बाद ऐप पर संतुष्ट या असंतुष्ट होने का फीडबैक भी दे सकते हैं।

शिकायत दर्ज करने की प्रक्रियाः

1. गूगल प्ले स्टोर से स्वच्छता ऐप डाउनलोड करें।
2. गंदगी या समस्या की तस्वीर खींचें।
3. ऐप पर शिकायत का विकल्प चुनें।

4। अपनी लोकेशन शेयर करें

या पता फॉर्म में भरें।

5. शिकायत दर्ज करने के बाद समाधान पर फीडबैक दें।

नगर निगम का यह कदम मुरादाबाद को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में एक बड़ा प्रयास है, जिससे नागरिकों की भागीदारी भी सुनिश्चित हो सकेगी।

# परीक्षा पत्र इंग्लिश में आने पर छात्रों ने किया हंगामा, बोले परीक्षा निरस्त करो

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद।इस वर्ष बीएससी (बैचलर ऑफ साइंस) चतुर्थ सेमेस्टर के पेपर आज से शुरू हो रहे है। परीक्षा सभी विद्यालयों में आयोजित कराई गई जिसका प्रथम पेपर रसायन विज्ञान का है। परीक्षा पेपर हिन्दी व इंग्लिश दोनों भाषा में आता था लेकिन इस वर्ष इंग्लिश भाषा में ही पेपर आया जिससे हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों को कठिनाई का सामना करना पड़ा।

छात्रों ने विश्वविधायलय महात्मा रूहेलखण्ड से मांग की -इस समस्या से परेशान छात्रों ने अखिल भारतीय



विद्यार्थी परिषद के द्वारा प्राचार्य हिन्दू कॉलेज को शिकायत पत्र दिया और विश्वविधायलय महात्मा रूहेलखण्ड से मांग की। परीक्षा हिन्दी माध्यम में भी कराई जाए। जिस से हिन्दी माध्यम के छात्रों को परीक्षा देने में आसानी हो अन्यथा पेपर में बेक आने का डर बना रहता है। परीक्षा को अभी निरस्त किया जाए और नई तिथि पर परीक्षा तीन दिन में आयोजित कराई जाए।

# सपा नेता रामगोपाल यादव का विवादित बयान, व्योमिका सिंह पर जातिगत टिप्पणी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद।रामगोपाल यादव ने पहले व्योमिका सिंह का नाम गलत लेकर उन्हें 'दिव्या सिंह' कहा। मंच पर मौजूद सपा सांसद आदित्य यादव के टोकने पर उन्होंने सुधार करते हुए व्योमिका सिंह और सोफिया कुरैशी का उल्लेख किया।

बिलारी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव एक बार फिर अपने विवादित बयान को लेकर सुर्खियों में हैं। नेताजी मुलायम सिंह यादव की याद में बिलारी विधानसभा क्षेत्र में मूर्ति स्थापना के शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मंच से व्योमिका सिंह को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी।

व्योमिका सिंह हरियाणा की अनुसूचित जाति से हैं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामगोपाल यादव ने पहले व्योमिका सिंह का नाम गलत लेकर उन्हें 'दिव्या सिंह' कहा। मंच पर मौजूद सपा सांसद



आदित्य यादव के टोकने पर उन्होंने सुधार करते हुए व्योमिका सिंह और सोफिया कुरैशी का उल्लेख किया। इसी दौरान उन्होंने कहा, आपको बता दूं व्योमिका सिंह हरियाणा की जाटव हैं, एयर मार्शल पूर्णिया जिले के यादव हैं।

रामगोपाल यादव ने आगे कहा कि एक को मुसलमान समझ कर गालियां दी गईं, एक को राजपूत समझ कर कुछ नहीं कहा गया और भारती के बारे में जानकारी ही नहीं थी। उन्होंने आरोप लगाया कि जब यह बातें अखबारों में आईं तो लोग सोचने पर मजबूर हो गए। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, ₹जब मानसिकता खराब होती है, तो लोग सेना की उपलब्धियों को अपनी उपलब्धि बताने लगते हैं।

रामगोपाल यादव की इस टिप्पणी के बाद राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई है। सोशल मीडिया पर भी उनके बयान की तीखी आलोचना हो रही है। विपक्षी दलों ने इसे समाज को बांटने वाला बयान करार दिया है और सपा नेतृत्व से जवाब मांगा है।

# नगर निगम की जमीन को लेकर भिड़े भाजपा नेता...सड़क पर दो घंटे चला हाई वोल्टेज ड्रामा, गाड़ी में तोड़फोड

एनपीटी ब्यूरो




मथुरा के जमुनापार थाना क्षेत्र स्थित लक्ष्मी नगर तिराहे पर बुधवार की शाम नगर निगम की जमीन के विवाद को लेकर भाजपा नेताओं के दो गुट आमने सामने आ गए। बीच सड़क पर करीब दो घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामला संभाला। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भेजा है। थाना प्रभारी निरीक्षक अजय किशोर ने बताया कि पूर्व जिला पंचायत सदस्य पियूष धनगर के कार्यालय पर भाजपा सदर मंडल अध्यक्ष लोकेश निषाद अपने साथियों के साथ पहुंचे। आरोप है कि लोकेश निषाद ने अपने साथियों के साथ यहां नगर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर निगम के कर्मचारियों के साथ मारपीट की। मारपीट होती देख आसपास के लोग एकत्रित हुए तो हमलावर भागने लगे। भीड़ ने हमलावरों को काफी दूर तक दौड़ाया। किसी तरह हमलावरों ने भीड़ से अपनी रक्षा की। इधर हमलावरों की गाड़ी को भी भीड़ ने क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने हमले में घायलों को मेडिकल के लिए भेजा है। इधर, पियूष धनगर ने बताया कि वार्ड 19 के पार्षद उनके मामा प्रदीप धनगर हैं। वार्ड में एक नगर निगम की जमीन पड़ी हुई है। लोगों ने स्थानीय पार्षद से जमीन की सफाई कराने को कहा। बुधवार की सुबह नगर निगम के कर्मचारी सफाई करने को पहुंच गए। तभी मंगल यादव ने लोकेश निषाद को फोन करके बताया कि जमीन पर सफाई कार्य चल रहा है। इस पर लोकेश निषाद ने सफाई करा रहे नगर निगम के सुपरवाईजर बनवारी को फोन करके कार्य बंद करने को कहा। उसने जब कार्य करने बंद करने से मना किया तो उसके साथ गाली गलौज करने लगा। इधर, सुपर वाइजर ने भी मोबाइल पर लोकेश को गाली दे दी। यहां से बनवारी सीधे लक्ष्मी नगर तिराहा स्थित पियूष धनगर के कार्यालय पर पहुंच गया। कुछ देर बाद लोकेश निषाद अपने 8-10 साथियों के साथ कार्यालय में घुसा और बनवारी समेत अन्य सफाई कर्मियों को पीटना शुरू कर दिया। पियूष धनगर ने बचाने का प्रयास किया तो उनकी की भी पिटाई लगा दी। भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने बताया कि भाजपा नेताओं के बीच झगड़े की सूचना मिली है। दोनों को शांत कर दिया है। एक कार्यक्रम में आया हुआ हूं, कल दोनों पक्षों को बिठाकर मामले को निपटा दिया जाएगा।

# अमेरिका प्रवास से लौटने पर वात्सल्य ग्राम में दीदी मां का स्वागत

एनपीटी ब्यूरो



मथुरा। वृंदावन में वात्सल्य ग्राम की अधिष्ठात्री, वात्सल्य मूर्ति साध्वी ऋतंभरा के अमेरिका प्रवास से लौटने पर संविद गुरुकुलम बालिका सैनिक स्कूल में उनका भव्य स्वागत किया गया। सैन्य छात्राओं ने बैंड की सुमधुर धुनों के साथ साध्वी दीदी मां का अभिनंदन किया। गोकुलम की यशोदा माताओं, बच्चों और कर्मयोगियों ने पुष्पवर्षा कर अपने स्नेह व श्रद्धा की अभिव्यक्ति की। ज्ञात हो कि साध्वी ऋतंभरा 16 अप्रैल से 12 मई 2025 तक परम शक्ति पीठ अमेरिका के तत्वावधान में अमेरिका प्रवास पर थीं। इस दौरान उन्होंने शिकागो, फ्लोरिडा, मियामी, ऑरलैंडो, टेम्पा सहित अनेक स्थानों पर प्रवचन एवं श्रीराम कथा के माध्यम से सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति का संदेश दिया।अपने प्रवचनों में उन्होंने कहा भारत केवल भूमि का टुकड़ा नहीं, यह एक विचार है जो चराचर सृष्टि को जोड़ने की दृष्टि प्रदान करता है। भारत ने ही हमें यह दृष्टि दी है, जिससे हम प्रकृति में परमात्मा का दर्शन करते हैं। इस प्रवास में परम शक्ति पीठ के राष्ट्रीय महासचिव संजय भैया, महामंडलेश्वर साध्वी सत्य प्रिया एवं साध्वी समन्विता भी उपस्थित रहीं। अमेरिका में इंटरनेशनल कोऑर्डिनेटर रामजी भाई पटेल, ब्रह्म रतन अग्रवाल, संजीव अरोड़ा, डॉ. पन्ना बराई, विपुल पटेल, शेखर रेड्डी एवं चंद्रकांत पटेल का विशेष सहयोग रहा। स्वागत कार्यक्रम में साध्वी शिरोमणि, स्वामी सत्यशील, साध्वी सत्यवृता, महेश खंडेलवाल, सुमन लता, राजेश कुमार पाण्डेय, बालजी चतुर्वेदी और कैप्टन कोमल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# हाईवे स्थित साढ़े 11 एकड़ भूमि पर लगे हरे पेड़ों की वन विभाग ने शुरू की गणना



एनपीटी ब्यूरो

मथुरा। जैंत थाना क्षेत्र में दिल्ली-आगरा हाईवे पर चौमुहां के पास स्थित साढ़े 11 एकड़ भूमि पर लगे हरे पेड़ों की गणना वन विभाग ने बुधवार से शुरू कर दी। ताज ट्रेपेजियम जोन में शामिल होने के बाद भी इस भूमि पर लगे 59 हरे पेड़ों को काट दिया गया था। इसके बाद ही भूमि पर लगे सभी हरे पेड़ों की गणना का निर्णय लिया गया था। हाईवे पर स्थित इस भूमि पर गुपचुप तरीके से कुछ दिन पहले 59 हरे पेड़ों को काट दिया गया था। मंगलवार को वन विभाग की टीम की जांच में हरे पेड़ कटे मिलने के बाद जैंत थाने में भूमि मालिकों के विरुद्ध वन रक्षक ने एफआईआर दर्ज कराई थी। बुधवार को वन क्षेत्राधिकारी गोवर्धन ब्रजेश परमार के नेतृत्व में एक टीम भूमि पर पहुंची। सुबह 11 बजे के करीब पांच सदस्यीय टीम ने हरे पेड़ों की गणना का कार्य शुरू किया। शाम चार बजे तक कुल 350 हरे पेड़ों की गिनती की गई। पेड़ों की पहचान के लिए उन पर नंबर भी डाले गए। करीब पांच घंटे तक हरे पेड़ों की गणना करने के बाद टीम वापस लौट आई। वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि गणना का कार्य आगे भी जारी रहेगा। करीब पांच दिन में भूमि पर लगे सभी हरे पेड़ों की गिनती पूरी होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि गणना पूर्ण होने के बाद अगर एक भी पेड़ काटा जाता है तो उसकी जानकारी आसानी से मिल सकेगी। वन रक्षक प्रताप सिंह की ओर से 59 हरे पेड़ काटने पर मुंबई निवासी भूमि मालिक अर्जुन बुहावी, निरंजन बुहावी व दो अज्ञात के विरुद्ध जैंत थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने भी मामले की जांच शुरू कर दी है। सीओ सदर संदीप सिंह ने बताया कि पुलिस भूमि मालिकों से संपर्क करने का प्रयास कर रही है।

# बरसाना में शुरू हुआ रोपवे का सफर

एनपीटी ब्यूरो



मथुरा। आखिरकार एक बार फिर बरसाना में राधा रानी के भक्त दर्शन के लिए रोपवे का सफर कर सकेंगे। अब रोपवे चलने के लिए तैयार है। इसका संचालन शुरू हो गया। आईआईटी रुड़की की तकनीकी टीम ने रोपवे का तकनीकी मुआयना करने के बाद इसके संचालन की अनुमति दे दी है। मार्च माह में बरसाना स्थित राधारानी मंदिर जाने वाले रोपवे में तकनीकी खराबी आ जाने से तीन ट्रालियां प्लेटफार्म से आकर टकरा गईं थीं। इसके बाद से श्रद्धालुओं के लिए रोपवे का संचालन रोक दी। बरसाना में राधारानी रोपवे में आई खराबी को ठीक करने में इंजीनियर जुटे रहे। इसके लिए आईआईटी रुड़की का भी सहारा लिया गया। आईआईटी की टीम ने संचालन की अनुमति प्रदान करने के बाद प्रशासन ने रोपवे के संचालन का फैसला लिया है। मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एसबी सिंह ने बताया कि बरसाना रोपवे की तकनीकी समस्या का समाधान काफी समय पहले कर लिया गया था। इसका ट्रायल भी किया जा चुका है। अब आईआईटी रुड़की की टीम ने अंतिम निरीक्षण के बाद संचालन के लिए सहमति प्रदान कर दी है।

# पाली में खोला जाए नवीन कम्पोजिट विद्यालय

## विद्यालय के निर्माण हेतू भूमि की बतायी उपलब्धता एसडीएम को दिया ज्ञापन

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो ललितपुर



ललितपुर पाली तहसील मुख्यालय पाली में नवीन कम्पोजिट विद्यालय का निर्माण हो इसके लिए नगर के स्थानीय भाजपा पदाधिकारियों के साथ पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष ने उपजिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौपकर अपनी मांग रखी है। पाली में कम्पोजिट विद्यालय का निर्माण होने से यहां के अभिभावकों एवं छात्रों को इसका बड़ा लाभ मिलेगा ।

जानकारी के लिए बता दे कि फिलहाल अभी नगर पंचायत पाली में जिला पंचायत द्वारा संचालित एक मात्र शासकीय जिला परिषद इण्टर कॉलेज है , जिसमें कक्षा छह से इण्टर तक की पढ़ाई होती है। महज एक विद्यालय होने से इसमें छात्राकंन भी तीन हजार के करीब होता है ।विज्ञान वर्ग न होने के चलते इसमें छात्र कला वर्ग से पढ़ने को मजबूर है ।ऐसे में जैसे ही लोगों को जानकारी लगी कि शासन द्वारा तहसील स्तर पर नवीन कम्पोजिट विद्यालय के भवन निर्माण होने के साथ ही इनका संचालन शुरू होना है तो कस्बावासियों में एक उम्मीद जगी कि इस विद्यालय का निर्माण पाली में हो जाए तो यह शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात होगी ।जिसको लेकर भाजपा के पाली मण्डल अध्यक्ष बृजेश राजपूत के नेतृत्व में भाजपाईयों ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी मनीष कुमार को सौंपकर पाली में इस विद्यालय के निर्माण की मांग की । ज्ञापन में बताया गया कि तहसील स्तर पर शासन की मंशानुसार नवीन कम्पोजिट विद्यालय का निर्माण होना है एवं इसके लिये भूमि चिन्हित की जानी है। जिसके लिए पाली खेल मैदान के पास अंग्रेजी माध्यम शासकीय विद्यालय की भूमि, पाली विधुत 33 केवीए के पास भूमि एवं आईटीआई कॉलेज के पास पाली ग्राम सभा की खाली पड़ी भूमि की उपलब्धता बताते हुए इन्हें चिन्हित कर विद्यालय निर्माण की मांग रखी ।ज्ञापन पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामकुमार चौरसिया , पूर्व भाजापा मण्डल पाली अध्यक्ष पुनीत चौरसिया , भाजापा पदाधिकारी हरिराम सोनी के हस्ताक्षर है ।

# एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन संपन्न

## रोजगार मेले में प्रतिभागी 05 कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार उपरान्त कुल 84 अभ्यर्थियों का चयन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर ।जिला सेवायोजन कार्यालय, ललितपुर के तत्वाधान में दिनाँक 14 मई, 2025 को शिव प्राइवेट आई0टी0आई0, ललितपुर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया साथ ही संस्थान के छात्र-छात्राओं की प्री-प्लेसमेण्ट काउन्सिलिंग भी की गयी। कार्यक्रम के प्रारम्भ में संस्थान के प्रधानाचार्य सुजान सिंह तोमर द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया ।श्रीमती आकाँक्षा यादव, जिला सेवायोजन अधिकारी, द्वारा संस्थान के छात्र/छात्राओं को रोजगार संगम पोर्टल की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी तथा अपनी योग्यतानुसार कम्पनियों का चयन कर रोजगार मेले में लाभान्वित होने हेतु प्रेरित किया । कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि वीर पाल सिंह तोमर ने अभ्यर्थियों को उनके उज्जवल भविष्य हेतु एवं आशीष वचन प्रदान किये। काउन्सलर गगन चतुर्वेदी द्वारा अभ्यर्थियो को आई0टी0आई0 के बाद उपलबध रोजगार के विभिन्न आयामों की सम्भावनाओं से परिचित कराया गया। रोजगार मेले में प्रतिभागी 05 कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार उपरान्त कुल 84 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। कार्यक्रम के अन्त में संस्थान के प्रधानाचार्य सुजान सिंह तोमर द्वारा समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया । सेवायोजन कार्यालय के इस प्रयास की सराहना करते हुये संस्थान की ओर से अनुरोध किया गया कि उनके शिक्षण संस्थान में भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया जाये।

# जनपद में उ0प्र0 विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति ने भ्रमण कर अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर। सरकार बनने से अब तक विभागों में मा0 जनप्रतिनिधियों के पत्रों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा हेतु सुरेन्द्र चौधरी सभापति उ0प्र0 विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति की अध्यक्षता एवं समिति के सदस्यगण माननीय सदस्य विधान परिषद- उमेश द्विवेदी, किरणपाल कश्यप, डॉ बाबू लाल तिवारी, रामरतन कुशवाहा सदर विधायक की गरिमामयी उपस्थिति में कलैक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक व मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय ने सभी मा0 जनप्रतिनिधियों का बुके भेंट कर स्वागत किया। बैठक में सभापति सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि संसदीय अध्ययन समिति का उद्देश्य कार्यपालिका व विधायिका के बीच अच्छा तालमेल बैठाकर जनता की अपेक्षाओं को पूरा करना और सेवा करना है, अधिकारियों और माननीय जनप्रतिनिधियों के बीच के समन्वय को मजबूत करने के लिए यह बैठक की जा रही है, इससे पता चलता है अधिकारी जनप्रतिनिधियों के पत्रों को कितनी गंभीरता देते हैं। उन्होने निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभागों में जनप्रतिनिधियों के पत्रों का एक रजिस्टर बनाया जाए और नियमित रुप से पत्रों का विवरण एवं उन पर की गई कार्यवाही अंकित की जाए। अधिकारी समय-समय पर विधायकगणों से वार्ता कर विकास कार्यों के बारे में जानकारी देते रहें और उनके द्वारा बतायी गई जनसमस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराते हुए अवगत भी करायें।

# स्वरूप नगर में 99 कार्नर का शुभारंभ हुआ

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कानपुर- स्वरूप नगर स्थित कानपुर विद्या मंदिर स्कूल की बिल्डिंग में ही 99 कॉर्नर का भव्य शुभारंभ हुआ वही ऑनर अभिषेक दूबे ने बताया कि वर्तमान के समय मे जहां लोग बाहर खाने मे तैलीय खाने का ज्यादा इस्तेमाल करते है वहीं स्वरूप नगर में बना हुआ यह आउटलेट लोगों को कम मसाले और तेल की खाने को गुणवत्ता परक बनाकर स्वाद युक्त ग्राहकों के लिए परोसा जाएगा। बचपन का स्वाद नई जनरेशन के साथ थीम पर इस आउटलेट में व्यंजनों को ग्राहकों के लिए परोसा जाएगा जिससे कि हमारे बचपन की यादें और स्वाद दोनों की अनुभूति करने का अवसर प्राप्त हो। अभी आप खाने के शौकीन है और परिवार के साथ बाहर बेहद स्वादिष्ट खाने का लुक लेना चाहते हैं तो आप स्वरूप नगर स्थित 99 कॉर्नर आकर रोस्टेड वेजिटेबल राइस बाउल, दाल मखनी राइस बाउल, क्लासिक राजमा राइस बाउल, पिंडी छोले, मशरूम मसाला, पालक पनीर, पनीर तड़का, पंजाबी कढ़ी विद राइस बाउल, पेस्टो मेक एंड चाइनीस पास्ता बाउल विद रोस्टेड वेज, पनीर लबाबदार विद राइस देसी मसालो से तैयार व्यंजनों का लुत्फ उठा सकते हैं। वही अभिषेक दुबे ने बताया कि यह आउटलेट पूरी तरह से शुद्ध शाकाहारी है साफ सफाई का पूरा ध्यान रखा गया है जिससे की हमारे ग्राहक को किसी तरह की दिक्कत न हो। कानपुर वासियों से अभिषेक दूबे ने कहा की सभी एक बार 99 कॉर्नर आकर स्वाद से परिपूर्ण अत्यधिक तैलीय और हानिकारक मसाले से दूर रहते हुए देशी स्वनिर्मित मसाले और शुद्धता से परिपूर्ण व्यंजनों का स्वाद परिवार के सदस्यों के साथ अवश्य लें। इस शुभ अवसर पर अनुज दीक्षित,विजय माहेश्वरी,कमल जायसवाल,काजी,शिवम तिवारी,नवल,सुधीर,आनंद,धीरू सहित परिवार के सदस्य और मित्र गण मौजूद रहे।

# अत्याधुनिक कन्वेंशन सेंटर का कार्य पूरा,जल्द होगा जनता को समर्पित

कानपुर,(स्वप्निल तिवारी)शहर को जल्द ही एक भव्य और अत्याधुनिक कन्वेंशन सेंटर की सौगात मिलने जा रही है। गुरुवार को महापौर प्रमिला पाण्डेय ने चुन्नीगंज स्थित निमार्णाधीन कन्वेंशन सेंटर का औचक निरीक्षण किया और जून के पहले सप्ताह तक इसे नगर निगम को हैंडओवर करने के निर्देश दिए।महापौर के निरीक्षण के दौरान नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी और परियोजना से जुड़े इंजीनियर भी उपस्थित रहे।

महापौर ने निरीक्षण के बाद बताया कि यह केंद्र उनके कार्यकाल की एक महत्वाकांक्षी एवं स्वप्न परियोजना है, जो जल्द ही शहरवासियों को समर्पित की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यआत्मनिर्भर भारतह्व और ह्यमेक इन इंडियाह्व जैसे अभियानों के अनुरूप है तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश को विकास की नई दिशा देने वाला एक मॉडल बनेगा। महापौर प्रमिला पाण्डेय ने स्पष्ट किया कि नगर निगम द्वारा इस कन्वेंशन सेंटर का संचालन किया जाएगा और संचालन व रखरखाव की दीर्घकालिक योजना हेतु भारतीय प्रबंधन संस्थान इंदौर से विस्तृत मैनुअल तैयार कराया जा रहा है। उन्होंने निर्माण में हुई देरी पर संज्ञान लेते हुए केएसईसीओ को कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

महापौर ने निरीक्षण के उपरांत कहा कि यह कन्वेंशन सेंटर न केवल कानपुर की पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा, बल्कि यह शहर के सामाजिक, सांस्कृतिक और व्यावसायिक आयोजनों के लिए एक केंद्रबिंदु बनेगा। उन्होंने इसे अपने कार्यकाल की एक ह्यमहत्त्वाकांक्षी और स्वप्न परियोजनाह्व बताया।

महापौर ने बताया कि लगभग चार वर्ष पूर्व गुजरात की यात्रा के दौरान उन्होंने वहां के आधुनिक कन्वेंशन सेंटर को देखा और तभी यह विचार मन में आया कि कानपुर जैसे औद्योगिक और सांस्कृतिक नगर में भी एक ऐसे केंद्र की आवश्यकता है। कन्वेंशन सेंटर की डिजाइन विशेष रूप से कमल पुष्प की थीम पर आधारित है, जो भारतीय संस्कृति में सुंदरता, पवित्रता और सृजनशीलता का प्रतीक है।

महापौर प्रमिला पाण्डेय ने बताया कि वह इस परियोजना के लोकार्पण हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी, केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर और राज्य मंत्री ए.के. शर्मा से शीघ्र समय प्राप्त करने हेतु निवेदन करेंगी।

# कर्नल सोफिया कुरैशी के अपमान पर कांग्रेस का विरोध

**अमरोहा ' उत्तर प्रदेश**


मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई विवादित टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस कार्यकताओं ने कार्रवाई की मांग की है। अमरोहा में कांग्रेस कार्यकताओं ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओमकार कटारिया के नेतृत्व में कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि मंत्री की टिप्पणी अमर्यादित और अशोभनीय है कांग्रेस कार्यकताओं ने ज्ञापन में कहा कि यह टिप्पणी एक सैन्य अधिकारी का अपमान है।

# प्राथमिक विद्यालय नंबर एक मुंडेट कलां व प्राथमिक विद्यालय नंबर दो मुंडेट कलां का निरीक्षण किया

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

शामली। गुरूवार को डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने प्राथमिक विद्यालय नंबर एक मुंडेट कलां व प्राथमिक विद्यालय नंबर दो मुंडेट कलां का निरीक्षण किया। डीएम ने स्कूल में बच्चों के लिए बने शौचालय की साफ सफाई न मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित हेड मास्टर को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये है।

गुरूवार को डीएम ने सर्वप्रथम प्राथमिक विद्यालय न-1 मुंडेट कलां का निरीक्षण करते हुए कक्षा-3 में जाकर बच्चों से पुस्तक पढवाकर देखीं गई। छात्रा कनक से 13 का पहाड़ा सुना गया।डीएम ने ब्लैक बोर्ड कनक से जोड़ का व प्रीति से घटा के सवाल हल करायें जिसको दोनों छात्रा ने हल कर कर दिखाया। निरीक्षण में जिलाधिकारी को कुछ बच्चे ड्रेस में नहीं दिखे जिनको ड्रेस में आने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी ने स्कूल



प्रांगण में प्रॉपर साफ-सफाई एवं जो भी पेड़ पौधे लगे हैं उनमें निराई गुड़ाई एवं सिंचाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी को स्कूल में बच्चों के लिए बने शौचालय की साफ सफाई न मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित हेड मास्टर को कारण बताओं नोटिस के बीएसए को दिए। निरीक्षण के समय स्कूल में नामांकित 142 बच्चों के सापेक्ष 116 बच्चे उपस्थित पाएंगे। निरीक्षण के अगले क्रम में डीएम ने प्राथमिक विद्यालय न-2 मुण्डेट कलां का निरीक्षण किया। स्कूल के बरामदे में चल रही कक्षा-3 की क्लास में बच्चों का नाम जानते हुए कक्षा- 3 की छात्रा परी से गुणा का सवाल कराया जिसको छात्रा ने हल कर दिखाया। अन्य कुछ बच्चे सवाल नहीं हल कर पाये। जिसके लिए बच्चों को मेहनत से पढ़ाने के निर्देश दिए। कक्षाओं में लाइटिंग की प्रॉपर व्यवस्था के निर्देश दिए। निरीक्षण में जिलाधिकारी को विद्यालय में ज्यादातर बच्चे प्रॉपर ड्रेस में नजर नहीं आए। जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित हेड मास्टर को प्रॉपर बच्चों को स्कूल ड्रेस में आने हेतु निर्देशित किया। डीएम ने बच्चों के लिए आरो के पानी की व्यवस्था हेतु बीएसए को निर्देशित किया। निरीक्षण में विद्यालय में 84 नामांकित बच्चों के हिसाब से 73 बच्चे उपस्थित मिले। मौके पर बीएसए लता राठौर, जिला समन्वयक जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहें।

# सीबीएसई बोर्ड की टॉपर छात्रा सावी जैन से मुलाकात कर बधाई दी

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

शामली। चरथावल विधायक पंकज मलिक ने गुरूवार को शामली पहुंचकर सीबीएसई बोर्ड की टॉपर छात्रा सावी जैन से मुलाकात कर बधाई दी। उन्होने परिजनों को बधाई देते हुए कहा कि सीबीएसई बोर्ड में 500 में से 499 अंक प्राप्त कर बेटी सावी जैन ने जिले का नाम पूरे देश में रोशन किया है। गुरूवार को चरथावल विधायक पंकज मलिक शहर के हनुमान रोड निवासी सीबीएसई बोर्ड की टॉपर छात्रा सावी जैन से मुलाकात की। उन्होने सावी जैन व उसके परिजनों को पूरे देश



में सबसे बेहतर अंक लाने पर शुभकामनाऐं दी। कहा कि सावी जैन ने अपने परिजनों, स्कूल और जिले का नाम रोशन किया है। सावी जैन द्वारा ऐसा स्वर्णिम शैक्षित परिणाम प्राप्त करने पर उन्होने छात्रा को मिठाई खिलाई और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान उन्होने बेटी सावी जैन को शिक्षा क्षेत्र में आगे बढने के लिए हर संभव मदद का भी भरोसा दिलाया। कहा कि वह हमेशा आगे बढने वाले छात्र-छात्राओं के साथ खडे है। इस अवसर पर कुलदीप पंवार, अजीत निर्वाल, अभिनव निर्वाल, अंकित जैन, ललित जैन, नवीन जैन आदि मौजूद रहे।

# निर्देश पर प्रभागीय वनाधिकारी की अध्यक्षता में गठित टीम द्वारा नगर पालिका कांधला व नगर पंचायत एलम द्वारा जल उपचार के लिए नगर के नालों पर कराए

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

शामली। जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान के निर्देश पर प्रभागीय वनाधिकारी की अध्यक्षता में गठित टीम द्वारा नगर पालिका कांधला व नगर पंचायत एलम द्वारा जल उपचार के लिए नगर के नालों पर कराए जा रहे कार्यों व ठोस अपशिष्ट का निस्तारण संबंधी कार्यों का निरीक्षण किया गया। जिसमें पाया गया कि नगर पालिका कांधला द्वारा नगर में प्रवाहित 4 नालों पर बायोरेमिडिएशन कार्य कराया जा रहा है, लेकिन पूर्ण रूप से व्यवस्थित नहीं है। वहीं देखा गया नगर में नालों के आसपास ठोस अपशिष्ट का निस्तारण पूर्ण रूप से नहीं किया जा रहा है।



टीम ने अधिशासी अधिकारी कांधला को नालों पर चल रहे बायोरमिडिएशन का को सुचारू रूप से व्यवस्थित करने, ठोस अपशिष्ट का निस्तारण कराना सुनिश्चित करने को कहा। नगर पंचायत एलम में मुख्य नाले पर कोई टैपिंग कार्य नहीं किया गया है, एवं न ही बायोरेमीडिएशन कार्य कराया जा रहा है। जिसमें प्रदूषण विभाग द्वारा नगर निकायों के सभी नालों के जल नमूने लिए गए। जिसकी निरीक्षण रिपोर्ट जिला गंगा समिति/पर्यावरण समिति की बैठक में डीएम के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। निरीक्षण के दौरान प्रदूषण विभाग से सहायक पर्यावरण अभियंता कुंवर संतोष कुमार, देवकर देव गहलोत, जल निगम ग्रामीण नमामि गंगे से सौरभ त्यागी, वन विभाग से सोनू कुमार मौजूद रहे।

# समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने गुरूवार को गांव सिसौली पहुंचकर स्व चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत की समाधि पर श्रद्धांजलि दी।

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

शामली। समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने गुरूवार को गांव सिसौली पहुंचकर स्व चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत की समाधि पर श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी कहा कि चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत जैसे महापुरुष विरले ही होते है। उन्होंने किसान आंदोलन को नई पहचान दी तथा किसानों के असली मुद्दों को लखनऊ और दिल्ली तक पहुंचाया तथा सरकारों को किसानों के सामने झुकने पर मजबूर किया।

उन्होंने कहा कि समाजवादी



पार्टी चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत के संघर्ष का सम्मान करती है तथा सरकार बनने पर किसानों के मुद्दों को हल करने का प्रयास करेगी। प्रोफेसर सुधीर पंवार ने कहा कि चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत ने खाप के सामाजिक संगठन और किसान आंदोलन को जीवंत बनाया। उन्होंने किसानों को संघर्ष के लिए भारतीय किसान यूनियन जैसा अराजनैतिक संगठन दिया। मौके पर किरण पाल मलिक,अमरदीप पंवार आदि मौजूद रहे।

# किसान मसीहा स्व चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि मनाई गई

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

शामली। भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा गुरूवार को किसान मसीहा स्व चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान हवन यज्ञ का आयोजन कर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया और बाबा टिकैत के बताए गए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया गया।

गुरूवार को शहर के मौहल्ला रेलपार स्थित भाकियू नगर अध्यक्ष अमरपाल बालियान के आवास पर किसान मसीहा स्व चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें शहर तथा आसपास देहात क्षेत्रों से पहुंचे भाकियू पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने आहुति प्रदान की। तत्पश्चात एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सांता कुमार, कपिल खाटियान, मास्टर जाहिद व कुलदीप पंवार ने कहा कि स्व चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत ने देश के किसानों की लडाई लडने का काम किया। उनको बहुत की कम उम्र में बालियान खाप की पगडी मिल गई थी। उसको उन्होने बडी जिम्मेदारी के साथ संभाला। यही नही उन्होने बिजलीघर आन्दोलन की शुरूआत की थी, जो एक मिल का पत्थर साबित हुआ था। उक्त आन्दोलन से किसानों को सफलता हाथ लगी थी। उन्होने कहा कि सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी पूरे मनोयोग से किसानों की लडाई लडने का काम करे। इस अवसर पर योगेन्द्र पंवार, परमेन्द्र निर्वाल, प्रवीन निर्वाल, आशीष चौधरी, छत्रपाल, समयपाल आदि मौजूद रहे।

# बाबा साहब की मूर्ति खंडित, दलित समाज का हंगामा

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली में असामाजिक तत्वों ने बाबा साहब की मूर्ति खंडित कर दी। मूर्ति खंडित करने से दलित समाज के लोगों में रोष फैल गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बूझाकर मामला शांत कराया और गांव में आठ लोगों की कमेटी गठित कर शीघ्र ही बाबा साहब की मूर्ति बदलवाने का आश्वासन दिया। थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली में बुधवार की रात्रि में असामाजिक तत्वों ने बाबा साहब की मूर्ति खंडित कर दी।

गुरुवार की सुबह दलित समाज के लोगों को जानकारी हुई तो दलित समाज के लोगों ने हंगामा खड़ा कर दिया। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर थाना



प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ गांव में पहुंचे और हंगामा कर रहे लोगों को समझा बूझाकर शांत किया। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह ने ग्राम प्रधान उमर नवाज सहित गांव के आठ लोगों की एक कमेटी गठित कराई और शीघ्र ही बाबा साहब की मूर्ति को बदलवाए जाने का आश्वासन दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक के आश्वासन के बाद दलित समाज के लोग शांत हुए। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि शीघ्र ही बाबा साहब की मूर्ति को खंडित करने वाले असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई अमल मिलाई जाएगी। ग्राम प्रधान उमर नवाज सहित आठ लोगों की कमेटी गठित की गई है। उक्त कमेटी बाबा साहब की नई मूर्ति लाकर स्थापित करने का काम करेगी। गांव में सुरक्षा की द्दष्टि से पुलिस बल तैनात किया गया है।

# विवाहिता को मारपीट कर दिया तीन तलाक, मुकदमा दर्ज

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी एक विवाहिता ने अपने पति पर मारपीट करते हुए तीन तलाक देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी पति सहित अन्य ससुरालियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी विवाहिता महिला नूरजहां पुत्री नसरुद्दीन ने बताया कि उसकी शादी 21 वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील निवासी खुर्शीद के साथ हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति परिवार सहित हरियाणा के सोनीपत के गांव सालवान में ईंट भट्ठे मजदूरी करने के लिए गए हुए हैं। आरोप है कि गत दिवस दस मई को उसका जेठ राजहसन व देवर महबूब उसके 16 वर्षीय पुत्र के साथ मारपीट कर रहे थे। पीड़िता का आरोप है कि जब पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ भी गाली-गलौज करते हुए जमकर मारपीट की। पीड़िता ने जब अपने पति को जानकारी दी तो आरोप है कि उसके पति ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। पीड़ित महिला ने घटना के संबंध में अपने परिजनों का जानकारी दी। परिजनों ने थाने पहुंचकर आरोपी पति सहित जेठ एवं देवर के विरुद्ध थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने तीन तलाक सहित मारपीट का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# रॉक गोल्ड एकेडमी में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों के लिए एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन

शामली। शहर के रॉक गोल्ड एकेडमी में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों के लिए एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल की प्रधानाचार्या अनिता सिवाच, चेयरमैन सुनील गोयल, शिखर गोयल ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद स्वरूप ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। समारोह में छात्रों के माता-पिता को भी आमंत्रित किया गया था, जिन्होंने अपने बच्चों के इस गौरवपूर्ण क्षण में सहभागिता की। समारोह में विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता सिवाच, डायरेक्टर प्रियांक गोयल ने उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को शुभकामनाऐं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सेवानिवृत्त हुए प्रधानाचार्यों का सम्मान समारोह

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

शामली। वर्ष 2025 में सेवानिवृत्त हुए प्रधानाचार्यों का सम्मान समारोह उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद शामली द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि डीआईओएस जेएस शाक्य ने सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों को सम्मानित किया। गुरूवार को एक बैंकट हॉल में आयोजित सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह में हिन्दू कन्या इंटर कॉलेज शामली की सेवानिवृत्त प्रधानाचार्या डॉ दीपाली गर्ग का डा. रचिता ढाका, डा. नीरा, डा. प्रतिभा, अलका संगल और अन्य प्रधानाचार्या द्वारा किया गया। इसके बाद राष्ट्रीय किसान इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य लोकेंद्र कुमार का सुशील कुमार, विनोद वर्मा, हरविंद्र सिंह, प्रवीण कुमार, रनधावा मलिक, कुलदीप सिंह, प्रमोद कुमार, अदीब अहमद और अन्य प्रधानाचार्यों द्वारा किया गया। दोनों सेवानिवृत्त हुए प्रधानाचार्यों को डीआईओएस द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हरविंद्र सिंह, कुलदीप सिंह, विनेश त्यागी, सुशील कुमार, विनोद वर्मा और प्रवीण कुमार ने अपने उद्बोधन में दोनों सेवानिवृत्त प्रधानाचार्यों के स्वस्थ और सुखी जीवन की कामना करते हुए उनके बारे में अपने अनुभव साझा किए और दोनों को बधाई दी। राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डा. अमित मलिक ने शुभकामनाएं देते हुए उन्हें आगामी जीवन में सामाजिक कार्य करने के लिए प्रेरित किया। जिलाध्यक्ष रनधावा मलिक, प्रदीप मलिक मौजूद रहे।

# स्वच्छता के लिये महिलाओं को जागरूक किया

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

शामली। गुरूवार को नगर पालिका परिषद शामली के ईओ के निर्देशन पर स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर वीणा अग्रवाल एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल पीजेआरएम फोर्स ट्रस्ट के अर्बन कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार द्वारा वार्ड-5 की कमला कॉलोनी में महिलाओं को जागरूक किया।

सफाई नायक अनुज चावला के सहयोग से आईटीसी के मॉडल सामुदायिक नेतृत्व में विकेंद्रीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्यक्रम को लेकर विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। जिसमें कैपेसिटी बिल्डिंग के अंतर्गत समिति की समस्त महिलाओं को कचरा क्या है, कचरे के प्रकार जैविक कचरा, अजैविक कचरा, घरेलू खतरनाक कचरा, व सेनेटरी कचरा की जानकारी दी गई। साथ




ही कूड़े को पृथक करने, संग्रह करने एवं निपटान करने के लिए होम कंपोस्टिंग एवं कम्युनिटी कंपोस्टिंग की जानकारी दी गई। गीले कचरे के लिए हरे डस्टबिन एवं सुखे कचरे के लिए नीले डस्टबिन, घरेलू हानिकारक अपशिष्ट के लिए लाल रंग के डस्टबिन, प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। सूखे कचरे के निपटान के लिए मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान स्वच्छता अभियान एंबेसडर बीना अग्रवाल, सुनील कुमार, अनुज चावला, पूनम सिंगल, सीमा संगल, मंजू संगल, श्वेता संगल, रीना जैन, सनी संगल, राशि संगल, विजयलक्ष्मी, रेखा जैन, शिप्रा गोयल, मेघा गोयल आदि उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय अग्रवाल समाज ट्रस्ट द्वारा बुधवार देर रात्रि शहर के वर्मा मार्केट में सेना के शौर्य को नमन और वीरता का उत्सव मनाया

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

शामली। अखिल भारतीय अग्रवाल समाज ट्रस्ट द्वारा बुधवार देर रात्रि शहर के वर्मा मार्केट में सेना के शौर्य को नमन और वीरता का उत्सव मनाया। यह आयोजन हाल ही में पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा संघर्षविराम के उल्लंघन के उपरांत हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले और भारतीय सेना द्वारा दिए गए मुंहतोड़ जवाब की पृष्ठभूमि में रखा गया। जिसका उद्देश्य वीर जवानों के शौर्य, बलिदान और देशप्रेम को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करना था। कार्यक्रम




की शुरूआत वीरगति को प्राप्त जवानों की स्मृति में दो मिनट के मौन व श्रद्धांजलि से हुई। इसके पश्चात वक्ताओं ने भारत की सैन्य शक्ति और सैनिकों के अद्वितीय साहस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह महज जवाबी कार्रवाई नहीं थी, बल्कि राष्ट्र की अस्मिता और संकल्प का परिचायक था। समाज के युवाओं ने देशभक्ति पर आधारित समूह प्रस्तुति के माध्यम से शहीदों को नमन किया, जिससे उपस्थित जनसमूह की आंखें नम और मन गर्वित हो उठा। इस अवसर पर अध्यक्ष रोबिन गर्ग, उत्तम जिंदल, रजत बिंदल, प्रवीण गोयल हैप्पी, नीरज संगल, राहुल तायल, आकाश गुप्ता, एनके कंसल, अनिल गोयल, संजीव संगल, ओमप्रकाश, राजकुमार, जियालाल ऐरन, वैभव गोयल, आशीष, सात्विक संगल, आकाश गोयल आदि उपस्थित रहे।

# फिल्म का पांचवा शो भी सुपर डुपर हाउसफुल

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

नीमकाथाना। सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा राव फुले एवं नारी शिक्षा की जनक माता सावित्री बाई फुले के संघर्ष कथाओं पर आधारित ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायक फूले फिल्म का नीमकाथाना के लक्ष्मी टाकीज में गुरुवार को पांचवे दिन का शो भी सुपर डुपर हाउस फूल रहा। गुरुवार को 300 सीटों के इस सिनेमा घर में करीब 500 से अधिक लोगों ने अपनी उपस्थिति देकर फुले फिल्म का आनंद लिया। इस शो में अतिरिक्त कुर्सियां के साथ साथ लोगों ने कालीन पर बैठकर व खड़े रहकर भी इस फिल्म का आनंद लिया।



मेघवंश जागृति संस्थान द्वारा चलाए जा रहे समाज जागरूकता के इस अभियान के तहत आज दूर दूर से बहुजन समाज के महिला, पुरुष एवं बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। बुधवार को श्रीमाधोपुर से लोग बस लेकर आए तो गुरुवार को श्यामगढ़ तहसील खंडेला से सुल्तान सिंह के नेतृत्व में 50 लोग बस लेकर फिल्म देखने पहुंचे जिनमें 35 महिलाएं भी शामिल थी। दिनांक 18 मई 2025 रविवार तक चलने वाले इस अभियान में आगामी दिनों में भी बड़ी संख्या में फुले अनुयायियों के आने की संभावना है। महात्मा ज्योतिबा फूले एवं माता सावित्री बाई फुले के जीवन संघर्ष एवं उपलब्धियों पर आधारित इस फिल्म के निःशुल्क शो की व्यवस्थाओं की देखरेख हेतु मेघवंश संस्थान द्वारा गठित मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष सुभाष चंद सिंघल व सचिव राजेंद्र प्रसाद महरानियां सहित समस्त सदस्यों ने आगंतुकों की संपूर्ण व्यवस्थाओं में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई।

गुरुवार के इस स्पेशल शो में राजस्थान विश्वविद्यालय के छात्र नेता विनोद भुदोली, डॉ अंबेडकर मानव कल्याण संस्थान के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र बबेरवाल, डॉ अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी गांवड़ी के अध्यक्ष रामकुमार बॉयल, बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार सैनी, बृज मोहन सैनी, महिला पर्यवेक्षक सरोज इंदुलिया, सामाजिक कार्यकर्ता गुलाब चंद सैनी, नानूराम सैनी, भगवान सहाय बौद्ध, उदयभान कालावत, किशन नाथ महाराज, आनंद कुमार हरडीया, सरजीत किलानिया, अन्नू मेहरानिया, जितेंद्र वर्मा, विजेंद्र वर्मा एवं प्रहलाद राय महरानियां सहित सैकड़ों महिला पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे और उत्साह के साथ फिल्म को देखकर अपने अपने सकारात्मक विचार व्यक्त किए।

# अपनी मर्जी से फाइनेंस कंपनी द्वारा ली गई राशि वापस परिवादी को मय ब्याज लौटनी होगी

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यरो**

बूंदी । निवासी शिवपाल सिंह ने कीप्स हाउसिंग फाइनेंस से गृह ऋण लिया था । जिसकी वह समय-समय पर लोन किस्तें जमा करवा रहा था । ब्याज दर अधिक होने पर परिवादी ने अपना लोन अन्य बैंक में ट्रांसफर करवाना चाहा व अपना लोन खाता बंद करवाने हेतु कीप्स फाइनेंस से खाता क्लोजर चाहा खाता क्लोजर अनुसार परिवादी ने राशि जमा करवाना चाहा तो विपक्षी ने 270 432 रुपए अतिरिक्त राशि सब्सिडी की बता कर जमा करवाने की मांग की । क्योंकि बैंक परिवादी के ज्यादा ब्याज दर लग रही थी इसलिए उसने विपक्षी द्वारा मांगी गई संपूर्ण राशि जमा करवा कर अकाउंट क्लोजर प्राप्त कर दूसरे बैंक से कम ब्याज दर पर लोन प्राप्त कर लिया । कीप्स फाइनेंस द्वारा प्राप्त की गई राशि वापस प्राप्त करने बाबत परिवादी ने अपने अधिवक्ता श्रीमती रंजना मुकेश जोशी के माध्यम से जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बूंदी के समक्ष 20 फरवरी 2024 को परिवाद प्रस्तुत किया जो परिवाद संख्या 44/2024 पर दर्ज हुआ । विपक्षी आयोग के समक्ष हाजिर आए और अपना पक्ष रखकर उक्त राशि सरकार द्वारा मांगे जाने का तथ्य प्रकट किया । लेकिन वह दस्तावेजी साक्ष्य से अपनी बात की पुष्टि नहीं कर पाए और आयोग अध्यक्ष रविंद्र कुमार व सदस्य रमाकांत दीक्षित ने दिनांक 13, 5, 25 को फैसला सुनाते हुए फाइनेंस कंपनी द्वारा ली गई राशि 270432 रुपए परिवार प्रस्तुत करने की 20 फरवरी 2024 से 9% ब्याज आगामी दो माह में अदा करने का आदेश दिया । वह साथ ही मानसिक संताप व परिवार खर्च की मद में दस दस हजार रुपए भी प्रदान करने के आदेश

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में आए परिवादों का निस्तारण करने के दिए निर्देश

खैरथल-तिजारा, 15 मई। जिला कलक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरूवार को जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा के वीसी सभागार में आयोजित की गई। जिला स्तरीय जनसुनवाई में 76 प्रकरण प्राप्त हुए। जिला कलेक्टर ने मौके पर परिवादों को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिये। जिला स्तरीय जनसुनवाई में गंदे पानी की निकासी, भूमि पर अतिक्रमण, बिजली, खाद्य सुरक्षा में नाम जुड़वाने,सड़क, पट्टा दिलाने बाबत,विभिन्न प्रकरणों की पुलिस जांच कराने तथा पेयजल समस्या सहित अन्य परिवाद प्राप्त हुए जिन पर जिला कलेक्टर ने संज्ञान लेते हुए संबंधित उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी और सम्बंधित विभागों को परिवादों के निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने सभी परिवादियों को की गई कार्यवाही से अवगत कराते हुये गुणवत्तापूर्ण प्रकरण निस्तारित करने के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने कहा कि सभी अधिकारी राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, सीएमओ, मुख्यमंत्री जनसुनवाई प्रकोष्ठ एवं जनसुनवाईयों में प्राप्त होने वाले प्रकरणों का त्वरित निराकरण करना सुनिश्चित करें।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित 142 फरियादियों ने दी परिवेदनाएं जिला कलक्टर ने परिवेदनाओं के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के अधिकारियों को दिए निर्देश

अलवर 15 मई। त्रि-स्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में आज मिनी सचिवालय सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित हुई जिसमें 142 फरियादियों ने अपनी परिवेदनाएं प्रस्तुत की। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि आमजन की परिवेदनाओं का नियमित रूप से निस्तारण करें। साथ ही जिला स्तरीय जनसुनवाई, राजस्थान सम्पर्क पोर्टल व अन्य माध्यम से भी आने वाली परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निराकरण करें। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुडे उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों से परिवेदनाओं के संदर्भ में तथ्यात्मक स्थिति का फीडबैक लेकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिये।

ये रही प्रमुख परिवेदनाएं- जिला कलक्टर के समक्ष जिलेभर से आए 142 फरियादियों ने अपनी परिवेदना प्रस्तुत की, जिनमें मुख्य रूप से राजस्व की अतिक्रमण हटाने से संबंधित, पुलिस, नगर निगम, यूआईटी, जिला परिषद, विद्युत, जलदाय आदि विभागों की परिवेदनाएं प्रस्तुत की गई। जनसुनवाई में शहर के देहली दरवाजा के पास, लक्ष्मणगढ के ग्राम नारनोलखुर्द, नारनोल कलां व ग्राम लीली, राजगढ के ग्राम सकट, रैणी के ग्राम उकेरी, मालाखेडा के ग्राम माधोगढ में आम रास्ते एवं भूमि पर किए गए अतिक्रमण आदि की परिवेदनाएं प्रस्तुत होने पर जिला कलक्टर ने संबंधित उपखण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया परिवेदनाओं का त्वरित निराकरण कर नियमानुसार अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें।

इसी प्रकार अलवर शहर के स्कीम नं. 10 बी में जाटव बस्ती वार्ड नं. 4 एवं एरोड्रम रोड की तरफ नाले की सफाई व कचरा उठाव कराने, कालाकुआं हरिजन बस्ती में सुचारू पेयजल आपूर्ति कराने, वार्ड नं. 56 में सीसी सडक निर्माण कराने, बसंत विहार में तिकोना पार्क को विकसित कराने, अखैपुरा में प्रतापबंध श्मशान घाट का विकास कार्य करवाने, देहली दरवाजा के फरियादी ने विशेष योग्यजन सुखद दाम्पत्य योजना का लाभ दिलवाने, लक्ष्मणगढ के हसनपुर के फरियादी ने बंधोरी बांध पर बने।

# संभागीय आयुक्त ने लेसरदा गौशाला का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं पर जताया संतोष

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यरो**

बूंदी, 15 मई। संभागीय आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत ने गुरुवार को केशवरायपाटन तहसील के लेसरदा गांव में संचालित श्री देवनारायण गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौशाला में गायों की नस्ल, दूध उत्पादन और पशु आहार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।श्री शेखावत ने चारा भंडार और पेयजल व्यवस्था का भी अवलोकन किया। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से गौशाला को मिलने वाली अनुदान राशि के बारे में जानकारी भी प्राप्त की। गौशाला में साफ-सफाई की व्यवस्था पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गौशाला में पेयजल की आपूर्ति में किसी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. रामलाल मीणा ने संभागीय आयुक्त को गौशाला के संचालन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गौशाला में गोवंश के लिए पेयजल के उचित प्रबंध किए गए हैं। वर्तमान में दो बोरिंग चालू हैं और पांच खेळें (पानी के कुंड) बनी हुई हैं, जिससे पशुओं को पर्याप्त पानी मिल रहा है। स दौरान तहसीलदार केशवरायपाटन भानु प्रताप सिंह, गौशाला संचालक त्रिभुवन गौतम, डॉ.शंकर लाल मीणा, डॉ. मुकेश मीणा मौजूद रहें। संभागीय आयुक?त ने गौशाला निरीक्षण से पहले समाज कल्याण कार्यालय बूंदी का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# मध्यप्रदेश बैतूल भाजपा नेता भवानी गावंडे को झूठा आरोप में फसाने की शिकायत महिला नें ली वापसी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

बैतूल भाजपा नेता भवानी गावंडे को जमीन के झूठे मामले में जालसाजी कर झूठे आरोप लगाकर फसाने की नियत से झाड़ेगांव निवासी सुमित्रा बाई ने पूर्व में की शिकायत को लिया वापस शिकायत महिला नें पुलिस अधीक्षक ओर कलेक्टर को की गई शिकायत आवेदन देकर लिया वापसी



जमीनी लेनदेन को लेकर की थी शिकायत झाड़ेगांव निवासी सुमित्रा बाई पिता रामचरण टांडेलकर ने 5 मई को भुनेश्वर उर्फ भवानी गावंडे एवं रविन्द्र चौहान के विरुद्ध भूमि से संबंधित पैसों को लेकर एक लिखित शिकायत की थी। उक्त शिकायत के संबंध में अब सुमित्रा बाई ने शिकायत को वापस लेने का निर्णय लिया है।

इस संबंध में सुमित्रा बाई ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को एक लिखित ज्ञापन सौंपते हुए अनुरोध किया है कि पूर्व में की गई शिकायत पर किसी प्रकार की कार्यवाही न की जाए। ज्ञापन में उन्होंने उल्लेख किया है कि उक्त शिकायत उनके द्वारा अनजाने में की गई थी और अब उन्हें पूरी जानकारी हो जाने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि शिकायत निराधार थी।सुमित्रा बाई ने अपने ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया है कि शिकायत वापस लेने के इस निर्णय पर भुनेश्वर उर्फ भवानी गावंडे एवं रविन्द्र चौहान द्वारा किसी प्रकार का दबाव नहीं डाला गया है। यह निर्णय उन्होंने अपनी स्वेच्छा एवं स्वतंत्र इच्छा से लिया है।

# बालाघाट के शासकीय चिकित्सालयों में अमानक दवा वितरित

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

बालाघाट(म0प्र0) बालाघाट के शासकीय चिकित्सालय में एक लाख मल्टी विटामिन कैप्सूल अमानक पाए गए हैं। ये सभी कैप्सूल मरीजों को बांट दिए गए हैं। दवाएं कोटेक हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड, देहरादून से आई थीं।

जिले ने 28 मार्च 2024 को एक लाख मल्टी विटामिन की मांग की थी। 21 मई 2024 को बैच नंबर सीएचटी-40426 की दवाएं प्राप्त हुईं। इन दवाओं क एक्सपाइरी सितंबर 2025 थी। ड्रग इंस्पेक्टर स्वप्निल जैन ने 2 सितंबर 2024 को वारासिवनी सिविल अस्पताल से रैंडम सैंपल लिया था।

शासकीय औषधि प्रयोगशाला से 14 मई 2025 को आई रिपोर्ट में इन दवाओं को अमानक घोषित किया गया। सीएचएमओ परेश उपलप के अनुसार, दवाओं के साथ पहले मानक होने की रिपोर्ट मिली थी। इसी आधार पर इन्हें वितरित करने की अनुमति दी गई थी।



यह जिले का पहला मामला है, जहां इतनी बड़ी मात्रा में दवाएं अमानक पाई गई हैं। राहत की बात यह है कि अब तक किसी मरीज से स्वास्थ्य संबंधी शिकायत नहीं मिली है। वर्तमान में अमानक दवाओं का स्टॉक समाप्त हो चुका है। स्वास्थ्य विभाग इस मामले में दवा निमार्ता कंपनी से पत्राचार करेगा। इन्होने कहाः- अभी तक उस दवा के सेवन से किसी को नुकसान होने की कोई जानकारी नहीं मिली है। फिर भी कंपनी से पत्राचार किया जाएगा।

**डॉ.परेश उपलप**
**सीएचएमओ बालाघाट**

# केंद्रीय विद्यालय सीडब्लूएस जयंत के छात्र-छात्राओं ने बढ़ाया विद्यालय का मान

## 10वीं 12वीं सीबीएसई बोर्ड में शानदार प्रदर्शन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

सिंगरौली। केंद्रीय विद्यालय सी.डब्लू.एस. जयंत ने एक बार फिर अपनी शैक्षिक उत्कृष्ट का परचम लहराते हुए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई की कक्षा दसवीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है विद्यालय के छात्राओं ने न अपने केवल उत्कृष्ट अंकों से सफलता प्राप्त की है बल्कि परिणामों ने विद्यालय के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली एवं समर्पित शिक्षकों की मेहनत को भी प्रदर्शित किया है।



वर्ष 2024 25 के लिए कक्षा 12वीं में कुल 48 विद्यार्थियों ने परीक्षाओं में भाग लिया जिसमें से 47 छात्र सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हुए विद्यालय का कल परीक्षा परिणाम 97.92% है उत्तीर्ण छात्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के नाम अनंता 91 .60% जोशी (वाणिज्य), उत्कर्ष सोनी 90.60% ( विज्ञान), ओम अग्रहरि 86.60% (विज्ञान)। कक्षा दसवीं में कुल 68 छात्रों ने परीक्षा दी और सभी 68 छात्र सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हुए जिस विद्यालय ने 7% सफलता अर्जित की है कक्षा दसवीं में के टॉपर छात्र आर्या कुमारी 95.20%, आयुष सिंह 92% संनी कुमार सोनी 91.40% है।

इन परिणामों से स्पष्ट है कि छात्र न केवल बोर्ड परीक्षा में सफलता अर्जित कर रहे हैं बल्कि उत्कृष्टता की दिशा में लगातार अग्रसर है यह उपलब्धि विद्यालय की समर्पित शिक्षण व्यवस्था विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत एवं अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है विद्यालय के प्राचार्य मुकेश सिंह भदोरिया ने समस्त सफल विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों एवं अध्यापक गणों को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास सदैव यही रहेगा कि हम शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बनाए रखें और विद्यार्थियों को एक उज्जवल भविष्य की ओर मार्गदर्शन प्रदान करें।

# सीएम यादव ने सीधी जिले से जारी की लाडली बहना योजना की 24वीं किस्त, महिलाओं के खाते में पहुंचे 1552 करोड़ रुपये

मध्य प्रदेश में आज 1 करोड़ 27 लाख महिलाओं का लाडली बहना योजना की 24वीं किस्त का इंतजार खत्म हो गया. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज सीधी जिले की तहसील गोपदबनास (सीधी खुर्द) से मई महीने की किस्त जारी की. सीएम ने लाभार्थी महिलाओं के खाते में 1551.89 करोड़ रुपये (करीब 1552 करोड़) ट्रांसफर किए. योजना के तहत प्रतिमाह हर लाडली बहन को खाते में 1250 रुपये भेजे जाते हैं. साल 2023 में यह योजना महलिाओं की आर्थकि रूप से सशक्त करने के लिए शुरू की गई थी. इस महीने इसके 24 महीने यानी दो साल पूरे हो गए हैं।



गोपदबनास तहसील में आयोजति कार्यक्रम में सीएम ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और सिलेंडर रिफिलिंग योजना की मई महीने की राशि भी लाभार्थयिों के बैंक खातों में ट्रांसफर की. साथ ही कार्यक्रम में सीधी के धोहनी में विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी किया. सीएम ने 56 लाख 83 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में 341 करोड़ रुपये से ज्यादा ट्रांसफर किए और 26 लाख से अधिक बहनों को सिलेंडर गैस रिफिलिंग की 30.83 करोड़ रुपये से ज्यादा की सब्सिडी राशि भी उनके खातों में सिंगल क्लिक से ट्रांसफर की।

योजना की राशि बढ़ाने की मांग-विपक्ष राज्य सरकार से लाडली बहना योजना की राशि बढ़ाए जाने की मांग कर रहा है, लेकिन सरकार ने फिलहाल इस योजना के तहत मिलने वाली राशि को बढ़ाने पर विचार नहीं कर रही है. मालूम हो कि 2023 में विधानसभा चुनाव के दौरान सत्तारूढ़ पार्टी बीजेपी ने योजना के तहत मिलने वाली राशि को बढ़ाकर 3 हजार रुपये प्रति माह करने का ऐलान किया था. लेकिन तब से सरकार ने किस्त 3000 हजार रुपये करने के बारे में कोई बात नहीं की है, जबकि विपक्ष बार-बार इसपर सरकार को घेरता है।

पिछले महीने हुई थी राशि भेजने में देरी-पिछले महीने ही सरकार को नियत 10 तारीख पर योजना की किस्त न जारी कर पाने पर विपक्षी दल कांग्रेस की आलोचना झेलनी पड़ी थी. राज्य सरकार ने 23वीं किस्त 16 अप्रैल को जारी की थी. यानी 6 दिन की देरी से जारी की गई थी. हालांकि, राज्य सरकार ने अब इसे हर महीने की 15 तारीख के आसपास जारी करने का फैसला किया है।

कई राज्यों में छाई योजना-मध्य प्रदेश में लागू हुई यह योजना इतनी लोकप्रयि हुई है कि यह कई राज्यों में अलग-अलग नाम से चलाई जा रही है. खासकर योजना का जादू विधानसभा चुनावों के दौरान देखने को मिला, जहां कई राज्यों में इसने सरकार बनाई तो कुछ में सरकार को बचाए रखने में महत्वपूर्ण भूमकि निभाई. विभन्नि राज्यों में योजना के तहत अलग-अलग राशि महिलाओं के खाते में भेजी जाती है।

# जिले का 42 डिग्री पहुंचा तापमान, उमस से हाल बेहाल, सुबह 9 बजे से ही होने लगती है जलन

**एनपीटी ब्यूरो**

सिंगरौली। पिछले तीन दिनों से जिले में सूर्य देवता आसमान से आग की तरह गोला बरसा रहे हैं। आज जिले का अधिकतम तापमान 42 डिग्री तक पहुंच गया था। जहां उमस भरी गर्मी से लोगा का हाल बेहाल हो गया था। वही लू के थपेड़ों ने भी लोगों का जीना मुहाल कर दिया। गौरतलब है कि ऊजार्धानी में मौसम आये दिन करवट बदलता रहता है। दो दिन पूर्व बूंदाबांदी ने ऐसी उमस भरी गर्मी बढ़ाई थी कि कूलर-पंखे भी जवाब देने लगे। बीते दिन कल बुधवार को भी प्रचण्ड गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दी थी कि आज दिन गुरुवार की सुबह से ही गर्मी ने लोगों को बेचैन कर दी थी। दोपहर होते-होते बैढ़न समेत कई नगर कस्बो की सड़के सुनसान नजर आने लगी थी। साथ ही लू के थपेड़ों व तेज तीखी धूप ने भी लोगों को घरों के अंदर शाम 4 बजे तक रहने के लिए मजबूर कर दिया। आवश्यक कार्य पड़ने पर ही दोपहर के वक्त लोग घरों से बाहर निकल रहे थे वरना घरों के अंदर ही कैद रहे। जो लोग बाहर निकल रहे थे वें छायादार पेड़ सहित अन्य स्थानों की तलाश में लगे रहते थे। ताकि कहीं से राहत मिल जाये। आज का अधिकतम तापमान 42 एवं न्यूनतम 28 डिग्री रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आगे आने वाले दिनों में लू एवं प्रचण्ड गर्मी का प्रभाव रहेगा। गुरूवार के साथ-साथ शुक्रवार को भी तापमान में बढ़ोत्तरी होने का अनुमान है। इस बीच चिकित्सको ने भी वर्तमान में लू से बचने के लिए लोगों को सलाह दे रहे हैं।



# उपायुक्त ने की भू- अर्जन कार्यों की समीक्षा बैठक, दिया निर्देश



**एनपीटी ब्यूरो**

साहेबगंज (झा०खं०), जिला उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में भू-अर्जन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में चल रहे विभिन्न भू-अर्जन मामलों की प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर जोर देते हुए सम्बन्धित पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वे समयबद्ध ढंग से कार्य करे और प्रक्रियाओं को सुगम बनाए। उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामलों में पारदर्शिता बनाये रखते हुए प्रभावित लोगों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाए। बैठक में पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में भू-अर्जन की स्थिति पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी आवश्यक दस्तावेजों को व्यवस्थित रखा जाए और अधिग्रहण कार्यों में किसी प्रकार की देरी न हो। इस दौरान जनहित से जुड़े विभिन्न परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को तेज करने पर विशेष बल दिया गया। उपायुक्त ने पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर जल्द से जल्द लंबित कार्यों को पूरा करें। बैठक में अपर समाहर्ता गौतम भगत, अनुमंडल पदाधिकारी,राजमहल सदानंद महतो, कार्यपालक दंडाधिकारी प्रमोद आनंद, परिवहन पदाधिकारी मिथलेश कुमार चौधरी, जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, भू अर्जन पदाधिकारी छोटेश्वर दास, प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत सभी अंचलाधिकारी उपस्थित रहे।

# डीडीसी ने जल जीवन मिशन अन्तर्गत योजनाओं का किया स्थलीय निरीक्षण



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया के द्वारा जल जीवन मिशन अन्तर्गत पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल पाकुड़ के द्वारा बन रहे सम्पूर्ण पाकुड़िया पाइप लाइन जलापूर्ति योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम बासेतकुण्डी पंचायत के धावाडंगाल में बन रहे सम्पूर्ण पाकुड़िया प्रखण्ड अच्छादित पाइप लाइन ग्रामीण जलापूर्ति योजना के अन्तर्गत वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के कलेरी फोकलेटर की जांच की और कार्यपालक अभियंता अनंत प्रसाद सिंह से इसके संबंध में जानकारी ली। कार्यपालक अभियंता द्वारा जानकारी दी गई कि डब्ल्यूटीपी का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण कर ली गई है। मौके पर परियोजना निदेशक, आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता दुमका, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता पाकुड़, प्रखंड विकास पदाधिकारी, पाकुड़िया, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, जिला समन्वयक सुमन मिश्रा समेत अन्य उपस्थित थे।

# बेहतर कार्य प्रदर्शन पर डीसी- एसपी ने बीडीओ को किया सम्मानित



**एनपीटी ब्यूरो**

एनपीटी ब्यूरो, पाकुड़ (झा०खं०), उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने माह अप्रैल 2025 में आवास, मनरेगा एवं 15 वें वित आयोग योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, लिट्टीपाड़ा संजय कुमार को अप्रैल माह 2025 में अबुआ आवास योजना में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, पाकुड़ समीर अल्फ्रेड मुर्मू को अप्रैल माह 2025 में अबुआ आवास योजना में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जबकि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, महेशपुर सिद्धार्थ शंकर यादव को अप्रैल माह 2025 में मनरेगा एवं 15 वें वित आयोग योजना में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।उपायुक्त मनीष कुमार ने सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को आगे भी बेहतर प्रदर्शन जारी रखने की बात कही।

# पेंशन से जुड़े सामाजिक अंकेक्षण हेतु की गई प्रखण्ड स्तरीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), पाकुड़ प्रखण्ड सभागार में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी समीर अल्फ्रेड मुर्मू की मौजूदगी में एवं उप प्रमुख हैदर अली की अध्यक्षता में पेंशन योजना के सामाजिक अंकेक्षण हेतु प्रखण्ड स्तर पर ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। बैठक में उपप्रमुख, पंचायत सेवक रोजगार सेवक, मुखिया, वार्ड सदस्य, सेविका/ सहायिका , जलसहिया, एसएचजी सदस्यों ने भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया। बैठक के दौरान 10 5 2025 को आंशिक संशोधन करते हुए झारखण्ड सोशल ऑडिट समिति के निदेशक द्वारा जारी निर्देश के आलोक में सामाजिक सुरक्षा से जुड़े पेंशन योजना का सामाजिक अंकेक्षण के ध्यानार्थ सामाजिक अंकेक्षण के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रखण्ड स्तर पर गुरुवार को पूर्व निर्धारित समय अनुसार ओरिएंटेशन प्रोग्राम हुई एवं विशेष रूप से पेंशन से जुड़े सामाजिक अंकेक्षण के सफल क्रियान्वयन के सभी बिंदुओं/ अवयवों पर विशेष रूप से चचाएं की गई। तत्पश्चात उपस्थित सभी कर्मियों समेत अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि अन्य को अपने- अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीआरओ तेतु राय, बीपीओ अजीत कुमार टुडू, मुखिया विकास गोंड, मुखिया समाद अली अन्य मौजूद थे।

# हेरहंज में श्री पंचमुखी हनुमान प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रीराम महायज्ञ को लेकर निकाला गया भव्य जल यात्रा



**एनपीटी ब्यूरो**

लातेहार (झा०खं०), लातेहार जिला के हेरहंज प्रखण्ड मुख्यालय स्थित बस स्टैंड के समीप श्री पंचमुखी हनुमान प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर गुरुवार को स्वामी 1008 शेषनारायाचार्य जी महाराज जी के सानिध्य में पांच दिवसीय श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ जलयात्रा के साथ आरंभ हुआ। इस आयोजन में बड़ी संख्या में माताएं, बहनें और श्रद्धालु शामिल हुए। यज्ञ की शुरुआत कलश पूजन से हुई.जिसके बाद श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर बाजे गाजे एंव जय श्रीराम,जय हनुमान के जयकारे के साथ कलश यात्रा निकाली गई.यह यात्रा बस स्टैंड,देवी मंडप घुरे, श्रीरामजानकी मंदिर से प्रारंभ होकर हेरहंज,हनुमान मंदिर बाजार टांड होते हुए करनदाग नदी तक पहुंची.वहां महात्माओं के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण कर कलश में नदी का पवित्र जल भरने की प्रक्रिया संपन्न हुई.इसके बाद नगर भ्रमण करते हुए यज्ञ मंडप में कलश स्थापना की गई। यज्ञ समिति के अध्यक्ष रंजीत जायसवाल, ने बताया कि इस महायज्ञ में दूर-दूर से कई विद्वान आए हैं। यज्ञ में श्रीराम कथा सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जायेंगे। आगे बताया कि यह आयोजन 15 से 20 मई 2025 तक चलेगा.जिसमें निम्नलिखित धार्मिक अनुष्ठान होंगे-15 मई जलयात्रा एवं कलश स्थापना,16 मई अग्नि प्रज्वलन एवं जलाधिवास,17 मई फलाधिवास एवं महास्नान,18 मई प्रतिमा नगर भ्रमण,19 मई प्राण प्रतिष्ठा एवं पूर्णाहुति,20 मई संतों की विदाई समारोह। इस पवित्र आयोजन में श्रद्धालुओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी जा रही है.जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना हुआ है.यज्ञ मंडप को विशेष रूप से सजाया गया है, और श्रद्धालु भक्ति भाव से यज्ञ में शामिल हो रहे हैं।

वही यज्ञ में सम्मलित मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी,बबन सिंह व जीवन सिंह को यज्ञ समिति के मुख्य संरक्षक सन्तोष यादव एंव अध्यक्ष रंजीत जायसावल के द्वारा उन्हें बुके व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया.श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा में श्रीराम महायज्ञ में मुख्य यजमान रूपेंद्र जायसवाल हैं.इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मिथिलेश गुप्ता,उपेन्द्र यादव,रंजन प्रसाद,मनीष जायसवाल, विजय गुप्ता, देवनंदन प्रसाद, श्रीधरकान्त जायसवाल, नवीन गुप्ता,प्रवीण यादव,हिमांशु रंजन,पीयूष गुप्ता,मनीष कुमार, भरत प्रसाद,कुंदन प्रसाद ,विकास गुप्ता,शिवकांत जायसवाल, ऋतु राज,गुड्डू वर्मा,श्यामलाल गोस्वामी समेत सभी प्रखण्डवासी।

# विद्यालय मरम्मती में भारी अनियमितता बिना चिपिंग और सरिया के ही कर दी गई छत की ढलाई, बच्चों की जान पर खतरा



**एनपीटी ब्यूरो**

लातेहार (झा०खं०). लातेहार जिला अन्तर्गत बारियातू प्रखण्ड के साल्वे पंचायत स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय रेंची में मरम्मती कार्य में भारी अनियमितता का मामला सामने आया है। विभागीय उदासीनता और संवेदक की मनमानी से शिक्षा व्यवस्था की नींव ही कमजोर होती नजर आ रही है। बताया जा रहा है कि लगभग चार लाख रुपये की लागत से भवन की मरम्मती कराई जा रही है, लेकिन कार्य में न तो तकनीकी मानकों का ध्यान रखा गया है और न ही पारदर्शिता का। ग्रामीणों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि मरम्मती कार्य के दौरान किसी प्रकार की सूचना पट्ट तक नहीं लगाया गया है। संवेदक ने विद्यालय भवन की छत की मरम्मती बिना चिपिंग किए ही कर दी है। साथ ही ढलाई में सरिया का प्रयोग भी नहीं किया गया है। मिट्टी युक्त बालू और लोकल ब्रांड के सीमेंट का इस्तेमाल कर मात्र आधा इंच मोटाई में छत की ढलाई की गई है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार, इस विद्यालय में करीब 70 परिवारों के बच्चे अध्ययनरत हैं और वर्तमान में वर्ग एक से पांच तक कुल 34 छात्र-छात्राएं पठन-पाठन कर रहे हैं। ऐसे में मानकों को ताक पर रख कर किया गया यह निर्माण भविष्य में जानलेवा साबित हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना सरिया और चिपिंग के की गई ढलाई कभी भी गिर सकती है, जिससे बच्चों की जान को खतरा हो सकता है। ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त से मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषी संवेदक एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही मरम्मती कार्य को मानक के अनुरूप दोबारा कराया जाए। इस सम्बन्ध में जब स्थानीय मुखिया राजीव भगत से बात की गई तो उन्होंने कहा कि ग्रामीणों से विद्यालय भवन मरम्मती की जानकारी मिली है।

जल्द ही संवेदक और विभागीय अधिकारियों से मिलकर स्थिति की समीक्षा करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वे मामले को उपायुक्त के समक्ष भी उठाएंगे। वहीं भवन निर्माण विभाग के जूनियर इंजीनियर कृष्णा कुमार ने बताया कि यह मरम्मती कार्य जेएपीसी के माध्यम से कराया जा रहा है, जिसकी लागत तीन लाख से अधिक है।

# उपायुक्त ने किया कारा सुरक्षा समिति की बैठक

एनपीटी ब्यूरो, पाकुड़ (झा०खं०), उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में कारा सुरक्षा समिति की बैठक की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कारा सुरक्षा, कारा में कैदियों- बंदियों हेतु मूलभूत सुविधाएं, कैदियों- बंदियों के परिजनों से मुलाकाती, स्वास्थ्य सुविधाएं, सीसीटीवी कैमरा सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं पर समीक्षा किया। इस दौरान उन्होंने कारा के सुरक्षा सहित भोजन, पानी, शौचालय एवं साफ- सफाई के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली एवं निर्देश देते हुए कहा कि कारा में कैदियों - बंदियों को जेल मैनुअल के अनुसार कैदियों-बंदियों को स्वच्छ, ताजा एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छ पानी एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराए। जिलेभर में विधि- व्यवस्था दुरुस्त रखने को लेकर डीसी- एसपी ने जिला के अधिकारियों के साथ बैठक किया। उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के संयुक्त अध्यक्षता में जिले की विधि- व्यवस्था से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी को निर्देश दिया क्षेत्र अन्तर्गत संचालित सभी तरह के अवैध गतिविधियों पर निगरानी जरूर रखे।

# आजीविका पशु सखी और आजीविका कृषि सखी का एक दिवसीय खरीफ फसल की कार्य योजना का हुआ कार्यशाला



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), महेशपुर प्रखण्ड के विभिन्न गांव से आये हुए आजीविका पशु सखी और आजीविका कृषि सखी का एक दिवसीय खरीफ फसल की कार्य योजना एवं पशुधन सम्बन्धित प्रशिक्षण सह- कार्य योजना बैठक प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक उज्जवल रविदास की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें मुख्य तौर पर जिला कार्यालय से जिला प्रबंधक आजीविका फार्म वीरेंद्र कुमार, प्रदान से सुदीप्तो साहा, क्षेत्र विषयक समन्वयक, प्रखण्ड संसाधन सेवी और आईएफसी कॉर्डिनेटर भी शामिल हुए। बैठक में कई अहम बिंदुओं पर विशेष रूप से चर्चाएं की गई।

# उपायुक्त ने कारा सुरक्षा समिति की किया बैठक

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में कारा सुरक्षा समिति की बैठक की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कारा सुरक्षा, कारा में कैदियों- बंदियों हेतु मूलभूत सुविधाएं, कैदियों- बंदियों के परिजनों से मुलाकाती, स्वास्थ्य सुविधाएं, सीसीटीवी कैमरा सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं पर समीक्षा किया। इस दौरान उन्होंने कारा के सुरक्षा सहित भोजन, पानी, शौचालय एवं साफ- सफाई के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली एवं निर्देश देते हुए कहा कि कारा में कैदियों - बंदियों को जेल मैनुअल के अनुसार कैदियों- बंदियों को स्वच्छ, ताजा एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छ पानी एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराए। जिलेभर में विधि- व्यवस्था दुरुस्त रखने को लेकर डीसी- एसपी ने जिला के अधिकारियों के साथ बैठक किया। उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के संयुक्त अध्यक्षता में जिले की विधि- व्यवस्था से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी को निर्देश दिया क्षेत्र अन्तर्गत संचालित सभी तरह के अवैध गतिविधियों पर निगरानी जरूर रखे।

# झामुमो प्रखण्ड कमिटी की बैठक में जिलाध्यक्ष ने की शिरकत, जनता दरबार आयोजित करने का लिया निर्णय



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), झामुमो की पाकुड़ कार्यालय में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के पंचायत स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक प्रखण्ड अध्यक्ष मुसलेहुद्दीन शेख की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो पाकुड़ इकाई के जिलाध्यक्ष अजीजुल इस्लाम ने भी शिरकत की। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने बारी- बारी से संगठन को मजबूती प्रदान करने एवं संगठन में आ रही समस्याओं / बाधाओं से प्रखण्ड अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष को अवगत कराया। जिला अध्यक्ष अजीजुल इस्लाम ने बैठक में सभी पंचायत से आये हुए पंचायत अध्यक्ष, सचिव सहित कार्यकर्ताओं की बातों को सुना एवं संगठन का विस्तार को लेकर विशेष चर्चाएं की। इसके साथ- साथ पंचायत में संगठन को कैसे मजबूत करे और सरकार के द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए बताया गया। जिलाध्यक्ष अजीजुल ईस्लाम ने कहा कि जहां समस्याएं हो, मुझसे सम्पर्क करे, समस्या का समाधान होगा। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को जन-जन तक आप सभी कार्यकर्ता पहुंचाएं, जिससे ग्रामीणों को इसका लाभ सुचारू रूप से मिल सके। कहा इससे लोगों का सहानुभूति प्राप्त होने के साथ संगठन मजबूत भी होगा एवं आने वाले समय में काम करने में आसानी होगी। इसके लिए हर एक सप्ताह में मंगलवार के दिन प्रखण्ड कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन करने का भी निर्णय लिया गया। जिसमें पंचायत से कार्यकर्ता के साथ- साथ पंचायत के लोग पहुंच कर अपने- अपने समस्या लेकर उपस्थित रहेंगे और सभी समस्याओं का हर सम्भव निष्पादन निश्चित रूप से कराया जायेगा। मौके पर पाकुड़ प्रखण्ड सचिव राजेश सरकार, प्रखण्ड उपाध्यक्ष अज फारूल शेख, इस्माइल शेख, मुसर्रफ हुसैन समेत पाकुड़ प्रखण्ड के सभी पंचायत से पंचायत अध्यक्ष, सचिव सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एमआईईटी में दीक्षांत समारोह 17 मई को, एकेटीयू कुलपति प्रो. जे.पी. पांडे करेंगे डिग्री वितरण

**एनपीटी ब्यूरो**

मेरठ। मेरठ इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) में 17 मई को भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी एकेटीयू के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) जे.पी. पांडे करेंगे। इस अवसर पर कुल 1156 छात्र-छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी।




संस्थान में आयोजित एक प्रेस वार्ता में कैंपस डायरेक्टर डॉ. संजय कुमार सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीटेक 2024 पास आउट बैच के 791, बी.फार्मा के 73, एमबीए के 166, एमसीए के 97, एम.टेक के 8 और एम.फार्मा के 21 विद्यार्थियों को डिग्री दी जाएगी।

रजिस्ट्रार शिवपूजन सिंह ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न पाठ्यक्रमों के टॉप तीन विद्यार्थियों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। बीटेक की 13 ब्रांचों सहित बी.फार्मा, एमबीए, एमसीए, एमटेक और एमफार्मा के मेधावी विद्यार्थियों को यह सम्मान दिया जाएगा।

कैंपस निदेशक प्रो. (डॉ.) एस.के. सिंह ने बताया कि बीटेक (कंप्यूटर साइंस - डाटा साइंस) की छात्रा झलक जैन को एकेटीयू यूनिवर्सिटी में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर चांसलर अवार्ड और गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा। वहीं, बीटेक (इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग) की छात्रा निकिता सिंह को यूनिवर्सिटी स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा। एम.टेक (कंप्यूटर साइंस) की छात्रा शिवा चौधरी को विश्वविद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर सिल्वर मेडल मिलेगा। इसके अलावा, नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए प्रशांत चौहान और हर्ष चौहान को स्टार्टअप इनोवेशन अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। दीक्षांत समारोह के उपरांत इंडस्ट्री-अकादमिक इंटरैक्शन कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। इसमें उद्योगों से जुड़ी चुनौतियों और उनके संभावित समाधानों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। प्रेस वार्ता में डीन डॉ. संजीव सिंह, रजिस्ट्रार शिवपूजन सिंह, मीडिया प्रभारी अजय चौधरी,डीन डॉ संजीव सिंह,मोहन सहित संस्थान के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिल्ली विश्वविद्यालय में कर्मचारी यूनियन का धरना प्रदर्शन जारी

**एनपीटी ब्यूरो**

नई दिल्ली। दिल्ली यूनिवर्सिटी एवं इसकी संकायों एवं संबंधित कॉलेजों में कार्यरत हजारों कर्मचारियों ने दिल्ली यूनिवर्सिटी एंड कॉलेज कर्मचारी यूनियन के बैनर तले अपनी मांगो जैसे यूनिवर्सिटी हेल्थ सेंटर की मेंबरशिप सभी कॉलेज कर्मचारियों के लिए पूर्व की भांति बहाल करना,यूनिवर्सिटी की कार्यकारी परिषद एवं कॉलेजों की गवर्निंग बॉडी में कर्मचारियों को स्थाई प्रतिनिधित्व दिलवाना,नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा वर्ष 2021 में यूनिवर्सिटी में रिक्त पदों को भरने की एवज में लिए गए करोड़ों रुपए को कैंडिडेट्स को अविलंब ब्याज सहित वापिस करवाना। इसके लिए दोषी अधिकारियों को दंडित करवाना।



वर्षों से यूनिवर्सिटी,विभागों और कॉलेजों में कॉन्ट्रैक्ट पर कार्य कर रहे कर्मचारियों को माननीय सुप्रीम कोर्ट के 30/01/24 के दो जजों की बेंच के निर्णय के आधार पर नियमित करवाना। ओ बी सी योजना का लाभ कर्मचारियों की भर्ती तथा प्रमोशन में भी दिलवाना, लेबोरेटरी और लाइब्रेरी में स्टाफिंग पैटर्न लागू करवाना,आदि को लेकर जोर दार धरना प्रदर्शन यूनिवर्सिटी के गेट न 4 पर किया।धरने को यूनियन के प्रधान देवेंद्र शर्मा महासचिव रविंद्र कुमार पांडे तथा स्टूडेंट यूनियन के अध्यक्ष रौनक खत्री, अमित माथुर, अशोक अत्रि आदि ने संबोधित किया। यूनियन के प्रधान देवेंद्र शर्मा ने बताया कि अभी तक यूनिवर्सिटी प्रशासन ने कोई बातचीत नहीं की है। इसलिए धरना स्थल पर यह फैसला लिया गया कि यूनियन का धरना 23/05/25 तक बढ़ा दिया गया है।

# सोफिया कुरैशी के समर्थन में समाजवादी महिला सभा ने ज्ञापन सौंपा

**एनपीटी ब्यूरो**

गाजियाबाद। समाजवादी महिला सभा द्वारा कलेक्ट्रेट गाज़ियाबाद मे राष्ट्पति को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौपा गया !

भाजपा के मंत्री सोफिया कुरैशी के पक्ष में दिए गए बयान को लेकर समाजवादी पार्टी महिला सभा ने सौंपा ज्ञापन सपा महिला सभा की टीम ने बयान की निंदा करते हुए मंत्री को पद मुक्त करने की मांग महामहिम राष्ट्रपति को जिलाधिकारी के माध्यम से एक ज्ञापन भेजा गया महानगर अध्यक्ष किरण कालिया ने बताया कि मध्य प्रदेश भाजपा सरकार के एक मंत्री विजय शाह का सैन्य महिला अधिकारी सोफिया कुरैशी पर किया गया अति निंदनीय बयान केवल एक उच्च सैन्य महिला अधिकारी का ही नहीं बल्कि देश की हर नारी और सेना का अपमान है। ये महानुभाव सदैव से भाजपाई और उनके संगी-साथियों की नारी विरोधी सोच के मुखपत्र रहे हैं। कुछ वर्षों पहले इन्होंने ही देश की एक प्रतिष्ठित अभिनेत्री के कार्य में बाधा डाली थी। भाजपा की नारी शक्ति वंदन अभियान जैसी झूठी घोषणाओं का सच ऐसे लोगों के दुष्विचार खोल देते हैं। ऐसे लोग मंत्री तो क्या किसी गली-मोहल्ले तक के भी जन प्रतिनिधि नहीं बनने चाहिए। श्रीमती किरण कालिया ने मांग करते हुए कहा



कि आप महामहिम से आग्रह है की भारत देश की नारी शक्ति की भावनाओं का सम्मान करते हुए उक्त मंत्री को मंत्री मंडल से बर्खास्त करते हुए उन पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाय।

उम्मीद के साथ यह ज्ञापन श्रीमती किरण कालिया महानगर अध्यक्ष समाजवादी महिला सभा गाजियाबाद श्रीमती दुर्गेश चौधरी जी जिला अध्यक्ष समाजवादी महिला सभा गाजियाबाद के माध्यम से दिया गया जिस पर मुख्य रूप से श्रीमती राज देवी चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी महिला समा पूर्व सदस्य राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश श्रीमती मधु चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी महिला सभा उपस्थिति रही

**तिरंगा यात्रा** | ‸पीएम मोदी के सशक्त नेतृत्व और सेना के शौर्य के सम्मान में उमड़ा सोनीपत

# भारतीय सेना ने विश्वस्तर पर भारत के गौरव को बढ़ाया : डा. सतीश पूनिया

**एनपीटी ब्यूरो**

चंडीगढ़ , 15 मई। ऑप्रेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेनाओं के शौर्य के सम्मान में गुरुवार को सोनीपत लोकसभा में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा में भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा में उमड़े जनसैलाब ने जय हिंद, भारत माता की जय और प्रधानमंत्री मोदी जिंदाबाद के खूब नारे लगाए। यह तिरंगा यात्रा सोनीपत में सुभाष चौक से शुरू हुई जो गीता भवन चौक होते हुए अंबेडकर पार्क पहुंची। तिरंगा यात्रा में मंत्री, विधायक, भाजपा और सामाजिक संगठनों के कार्यकताओं, गणमान्य लोगों समेत पूर्व सैनिकों ने भाग लिया।



तिरंगा यात्रा के दौरान भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने भारत की सेना के पराक्रम को सलाम करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व और भारतीय सेना के पराक्रम ने ऑप्रेशन सिंदूर के तहत आतंकवादियों के हौसलों को पस्त किया है और विश्वस्तर पर भारत के गौरव को बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का यह नया भारत है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सशक्त और मजबूत हुआ है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि देश की सुरक्षा और गौरव के प्रतीक ह्यऑप्रेशन सिंदूरह्व की सफलता के बाद देशभर में देशभक्ति की भावना चरम पर है।

श्री बड़ौली ने कहा कि ऑप्रेशन सिंदूर भारत की बहुत बड़ी उपलब्धि है।

तिरंगा यात्रा में कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा, विधायक निखिल मदान, विधायक पवन खरखौदा, विधायक कृष्णा गहलावत, विधायक देवेंद्र कादयान, मेयर राजीव जैन, जिला प्रभारी सतीश नांदल, जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, गोहाना के जिला अध्यक्ष विजेंद्र मलिक, मीडिया प्रभारी नीरज अत्रे समेत हजारों कार्यकर्ता, सामाजिक संगठन के अलावा गणमान्य लोग शामिल हुए।

# दूधेश्वर नाथ मंदिर पर बनेगा भव्य कॉरिडोर तैयारियां जोरों पर, नगर आयुक्त ने दी प्रेजेंटेशन

**एनपीटी ब्यूरो**

गाजियाबाद। दूधेश्वर नाथ मंदिर पर चल रहे विकास कार्यों पर हुआ मंथन श्री दूधेश्वरनाथ मंदिर में चल रहे विकास कार्यों का विधायक सदर संजीव शर्मा, जिलाधिकारी दीपक मीणा, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, जीडीए सचिव राजेश सिंह सहित अन्य गणमान्य अधिकारियों द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मल्टीपरपज हॉल की स्लैब की शटरिंग का कार्य व मन्दिर के मुख्य द्वार पर पत्थर की क्लेडिंग का कार्य प्रगति पर पाया गया। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने निर्देश दिये कि मन्दिर परिसर में प्रस्तावित समस्त कार्य निर्धारित विशिष्टियों एवं मानकानुसार निर्धारित अवधि में पूर्ण कराये जायें। कार्य को तीव्र प्रगति से पूर्ण कराया जाये एवं सम्पादित कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने की उचित व्यवस्था की जाये। इस दौरान वर्तमान एवं आगामी कार्ययोजनाओं के बारे में विधायक सदर संजीव शर्मा,श्रीमहन्त नारायण गिरि जी महाराज सहित सभी विभागीय उच्च अधिकारियों के साथ मंदिर प्रांगण में बैठक की गयी। नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित जनों को



दूधेश्वर नाथ मंदिर में बनाए जाने वाले भव्य कॉरिडोर की योजना साझा की साथ ही प्रेजेंटेशन के माध्यम से श्रद्धालुओं के लिए बनाए जा रहे कॉरिडोर की रूपरेखा भी बताई, श्रद्धालुओं की बैठने का स्थान, प्रसाद वितरण का स्थान सभी का ध्यान रखते हुए ड्राइंग का कार्य किया गया जिसको विशेष रूप से नगर आयुक्त द्वारा बैठक में दिखाया गया आगामी कार्यों हेतु योजना बनाई गई' पर्यटन अधिकारी सुरेश रावत व कार्यदायी संस्था के अधिशसी अभियन्ता जे.के. शर्मा ने अवगत कराया कि पर्यटन विभाग द्वारा उक्त योजना हेतु रुपए 552.25 लाख स्वीकृत किये गये, जिसके क्रम में कार्यदायी संस्था यू० पी० प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि० द्वारा यह कार्य किया जा रहा है। उन्होने बताया कि परियोजना की स्वीकृत लागत के सापेक्ष मन्दिर के मुख्य द्वार, मल्टीपरपज हॉल, म्यूरल वर्क एवं श्रद्धालुओं हेतु टॉयलेट ब्लाक, बैठने हेतु बेन्चेस व लाईट की व्यवस्था के कार्य कराये जाने प्रस्तावित हैं, निरीक्षण व बैठक के दौरान एडीएम सिटी गम्भीर सिंह, अपर नगर आयुक्त अरूण कुमार, एसडीएम सदर अरूण दीक्षित, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित जिला प्रशासन, जीडीए, नगर निगम, पर्यटन विभाग, कार्यदायी संस्था

# समाजवादी पार्टी की समीक्षा बैठक में पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री सलीम इकबाल शेरवानी.

**खनेशनल प्रेस टाइम, ब्यूरो**

बरेली ,मिशन कंपाउंड स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय बरेली पर,समाजवादी पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार सलीम इकबाल शेरवानी पूर्व कैबिनेट मंत्री भारत सरकार के द्वारा पीडीए जनसंवाद कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक की गई जिसमें सलीम इकबाल शेरवानी ने बरेली जिला एवं महानगर की पीडीए पंचायत की सराहना की, समीक्षा बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शिवचरण कश्यप ने एवं संचालन जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव ने किया। समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री सलीम इकबाल शेरवानी ने कहा की बरेली पीडीए पंचायत में अव्वल रहा है बरेली जिला और महानगर में शत प्रतिशत सेक्टर वाइज पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया। उन्होंने अपनी बात को रखते हुए कहा कि देश में जिस तरह से पीडीए के लोगों के खिलाफ साजिश के तहत उनके आरक्षण और संविधान में दी गई ताकतों को खत्म किया जा रहा है,उसी का नतीजा था कि 2024 के लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव नेतृत्व में पीडीए को साथ जोड़ते हुए समाजवादी उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी पार्टी और देश की तीसरे नंबर की बड़ी पार्टी समाजवादी पार्टी बनकर उभरी। इसलिए अखिलेश यादव की पीडीए की विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए जन जन तक पीडीए पंचायत के माध्यम से संविधान और संविधान में दी गई ताकतों और अधिकारों के लिए जनता को जागरूक कर, भारतीय जनता पार्टी की पीडीए के खिलाफ साजिशों को बेनकाब कर 2027 में अखिलेश यादव जी के नेतृत्व में सरकार बनाई जा सके।







'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक) 8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक) 8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com

नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।